दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 30 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 488



## संक्षिप्त खबरें ।

### हनुमान जी राजभर जाति में पैदा हुए थे', योगी के मंत्री ओम प्रकाश राजभर का अजीबोगरीब दावा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**बलिया।** देश की राजनीति में नेता अक्सर ऐसे बयान देते रहते हैं जिससे विवाद खड़ा हो जाता है। इन विवादों के चलते उन्हें बार-बार सफाई भी देनी पड़ती है। इस बीच उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने अजीबोगरीब दावा किया है। उन्होंने कहा हनुमान जी राजभर जाति में पैदा हुए थे। राजभर ने बलिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। ओपी राजभर ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। राजभर ने कांग्रेस और सपा के 'अंबेडकर प्रेम' को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी को वर्ष 2012 से पहले अंबेडकर के नाम से इतनी चिढ़ थी कि मंचों से कहा करती थी कि लखनऊमें बने अंबेडकर पार्क को सत्ता में आने पर गिरा कर शौचालय का निर्माण करेगी।

**बलिया की जनसभा में किया दावा:** राजभर ने शनिवार को बलिया जिले के चितबड़ागांव क्षेत्र के वासुदेवा गांव के मुख्य द्वार पर महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा निर्माण के लिए आयोजित भूमि पूजन और जनसभा को संबोधित करते हुए हनुमान जी को लेकर एक अजीबोगरीब दावा किया है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी राजभर जाति में पैदा हुए थे। राजभर ने कहा, ₹जब राम लक्ष्मण जी को अहिरावण पाताल पुरी में ले गया था, तब पाताल पुरी से उन्हें निकालने की किसी की हिम्मत नहीं पड़ी। अगर निकालने की हिम्मत पड़ी तो राजभर जाति में पैदा हुए हनुमान जी की ही पड़ी।₹ उन्होंने कहा, ₹गांव में बुजुर्ग आज भी छोटे बच्चों के झगड़ा करते समय बोलते हैं कि भर बानर हैं। हनुमान जी का रहलन बानर।₹ राजभर ने कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से कहा, " कांग्रेस जिसने लाखों नेताओं और पत्रकारों को आपातकाल लगाकर जेल में डाला, संविधान की बात करती है।"

**पहले भी हो चुका है विवाद :** ऐसा नहीं है कि हनुमान जी को लेकर यह कोई नया विवाद खड़ा हुआ है। इससे पहले वर्ष 2018 में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हनुमान जी को दलित, वनवासी, गिरवासी और वंचित बताया था। उस वक्त हनुमान जी की जाति को लेकर खूब विवाद हुआ। छत्तीसगढ़ के नेता नंद कुमार साय ने हनुमान जी को अनुसूचित जानजाति का बताया।

# बिहार में सियासी अटकलों के बीच तेजस्वी यादव ने कर दिया एक और बड़ा दावा, कहा-नए साल में ?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**राघोपुर ।** नेता विरोधी दल तेजस्वी प्रसाद यादव ने राघोपुर विधानसभा अंतर्गत राघोपुर प्रखंड के मोहनपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नीतीश सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि राघोपुर में डिग्री कॉलेज की फाइल भाजपा वालों ने रोक कर रखी है, वहीं पीपा पुल भी बने नहीं दे रहे हैं। पुल और रोड वाले भाजपा के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा कहते हैं कि तेजस्वी के क्षेत्र में हम विकास नहीं होने देंगे। बिहार सरकार राघोपुर के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

तेजस्वी यादव राघोपुर के सामुदायिक भवन मोहनपुर एवं मलिकपुर में कार्यकर्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कई लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई। तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरे बिहार में एक करोड़ सदस्य बनाया जाएगा।

**2025 में होगी एन डी एकी विदाई:** तेजस्वी यादव ने कहा कि 2024 खत्म होते ही 2025 आएगा साथ ही भाजपा और एनडीए की भी विदाई भी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 2025 में महागठबंधन पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम करेगी। बिहार में महागठबंधन की सरकार के कार्यकाल में 5 लाख युवाओं को नौकरी दी गई। 3 लाख नौकरी प्रक्रियाधीन की गई। सरकार जाते ही छात्रों को लाठियां से पीटा जा रहा है, बिहार में पेपर लीक हो रहा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि आज हमारी सरकार नहीं है तो बिदुपुर के जमींदारी घाट पर पीपा पुल का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। रुस्तमपुर गंगा नदी पर पहले एक पुल था, हमारी सरकार बनी तो दूसरे लेन पुल बनाया गया। आज एक लेन पुल बनाया गया उसकी स्थिति देख लीजिए क्या है। तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार पर जमकर हमला करते हुए कहा कि आज चाचा किसी से बात नहीं करते हैं ना मीडिया से ना हमलोग से और ना ही सदन में किसी से बात करते हैं।

**जनता से तेजस्वी यादव ने किए ये वादे:** तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनेगी तो माई बहन मान योजना के तहत हर महिलाओं के खाते में हर माह ढाई हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह वृद्ध, विधवा व दिव्यांग को सामाजिक सुरक्षा के तहत दिए जा रहे चार सौ रुपए प्रति माह का पेंशन बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए प्रतिमाह किया जाएगा। इसके अलावा एक व्यक्ति को 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। 12 सौ रुपये में मिलने वाले गैस सिलेंडर को मात्र पांच सौ रुपये में दिया जाएगा। हमारी सरकार बनी तो गरीबी और महंगाई खत्म करके लाखों की तादाद में सरकारी नौकरी दिलाने का काम करेंगे। तेजस्वी यादव ने स्थानीय नेता जिला परिषद मुखिया एवं पैक्स अध्यक्ष से पार्टी की सदस्यता सभी लोगों को दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राघोपुर ही नहीं पूरे बिहार की जनता स्मार्ट मीटर और बिजली बिल से परेशान है। बिहार में जमीन सर्वे और दाखिल खारिज में पूरा भ्रष्टाचार हो रहा है।

## मनमोहन सिंह को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने, प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली ।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद अब उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किए जाने से कुछ घंटे पहले उनके स्मारक को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस बीच भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ चुकी हैं।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर बयान देते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान न उपलब्ध कराकर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, मनमोहन सिंह जी की शख्सियत, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया।

**प्रियंका गांधी ने साधा केंद्र पर निशाना:** उन्होंने आगे लिखा, 'इससे पहले सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को सर्वोच्च सम्मान और आदर दिया गया था। डॉ मनमोहन सिंह जी इस सम्मान और समाधि स्थल के हकदार हैं। आज पूरी दुनिया उनके योगदान को याद कर रही है। सरकार को इस मामले में राजनीति और तंगदिली से हटकर सोचना चाहिए था। आज सुबह डॉ मनमोहन सिंह जी के परिवारजनों को चितास्थल पर जगह के लिए मशक्कत करते, भीड़ में जगह पाने की कोशिश करते, और जगह के अभाव में आम जनता को परेशान होते और बाहर सड़क से ही श्रद्धांजलि देते देखकर ये महसूस हुआ।

**भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने**

भाजपा ने कहा कि कम से कम मनमोहन सिंह के नाम पर गंदी राजनीति का खेल ना खेलें। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को पीएम मोदी से उसी स्थान पर मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने की संभावना तलाशने के बारे में बात की थी, जहां उनका आज अंतिम संस्कार होगा। कांग्रेस प्रमुख खरगे ने कहा, "यह राजनेताओं और पूर्व प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार के स्थान पर उनके स्मारक बनाने की परंपरा को ध्यान में रखते हुए है।

# नीतीश को जल्द सत्ता से आउट करेगी बीजेपी:लालू

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** राजधानी पटना में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने एक बार फिर सरकार को घेरा। लालू प्रसाद ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के सम्मान में जहां उनका अंतिम संस्कार होगा वहीं उनका स्मारक स्मृति स्थल बनना चाहिए। लालू ने कहा कि मनमोहन सिंह एक बेहद सच्चे और सधे हुए नेता थे हम सभी उनका सम्मान करते हैं और उनके स्मारक के विषय में केंद्र सरकार को सोचना चाहिए और जल्द इस पर निर्णय लेना चाहिए। कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार से की गई यह मांग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि वे भी मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री काल में केंद्र में मंत्री थे। मनमोहन सिंह की उपलब्धियों को देखते हुए स्मारक का निर्माण होना ही चाहिए। केंद्र सरकार को इस पर निर्णय लेना चाहिए।

लालू प्रसाद यादव ने बिहार की आगामी राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग नीतीश कुमार को सत्ता से आउट करने की साजिश में लगे हुए हैं उनके नेता लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं जिससे यह साफ होता है कि अब बीजेपी नीतीश कुमार को साथ लेकर नहीं चलना चाहती, हालांकि उन लोगों के बीच क्या बात हो रही है यह नीतीश कुमार और उनके लोग जाने लेकिन ऐसा बहुत जल्द होगा कि बिहार की सत्ता से भारतीय जनता पार्टी नीतीश कुमार की जदयू को आउट कर देगी। लालू प्रसाद यादव ने कहा कि बीजेपी के नेता लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं, जो इस बात की पुष्टि करते हैं कि वे नीतीश कुमार को साथ लेकर चलने में रुचि नहीं रखते। उनका कहना है कि भाजपा का असली उद्देश्य जदयू को कमजोर करना और नीतीश कुमार को सत्ता से बाहर करना है। लालू ने कहा कि यह साजिश लंबे समय से चल रही है और जल्द ही इसके परिणाम सामने आ सकते हैं। हाल के दिनों में बिहार की राजनीति में भाजपा और जदयू के बीच तनाव की खबरें चर्चा में रही हैं। लालू ने कहा कि भाजपा की रणनीति केवल अपनी सत्ता बचाने की है, और इसके लिए वह किसी भी सहयोगी दल को बलि का बकरा बनाने से पीछे नहीं हटती।

**विजय सिन्हा के बयान के बाद हुआ था काफी बवाल**

गौरतलब है कि विजय सिन्हा के बयान के बाद काफी बवाल हुआ था। बाद में भाजपा ने सफाई दी थी कि उनके बयान का मतलब नीतीश कुमार को हटाने से नहीं था। बता दे की बीते दिनों वहीं भाजपा सरकार बनने को अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि बताने वाले उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के बयान पर भी लालू यादव ने चुटकी ली। 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर विजय सिन्हा ने कहा था कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बिहार को जंगलराज से मुक्त कराया है। लेकिन अभी मिशन पूरा नहीं हुआ है। बिहार में अपनी सरकार ही अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। लालू यादव ने जदयू को चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा पर भरोसा करना उनकी सबसे बड़ी गलती साबित हो सकती है।

# विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा पहुंचा 167 के पार, कई लोग लापता ?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के भीषण विमान हादसे में मौतों का आंकड़ा अब 167 पहुंच गया है। जबकि विमान के अन्य यात्री लापता हैं। आशंका है कि इस विमान हादसे में मौतों का आंकड़ा और अधिक बढ़ सकता है। विमान में कुल 181 यात्री सवार था। यह हादसा साउथ कोरिया के मुआन हवाई अड्डे पर रविवार को उस वक्त हुआ, जब विमान का लैंडिंग गियर उतरते फेल हो गया और अचानक वह दीवार की फेंसिंग से टकरा गया। इससे यात्री विमान में आग लग गई। इस घटना में कम से कम 167 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह देश में अब तक हुए सबसे वीभत्स हवाई हादसों में से एक है। देश की राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि बचाव दल मुआन शहर स्थित इस हवाई अड्डे पर 'जेजू एयर' यात्री विमान से लोगों को निकालने की कोशिश में जुटा हुआ है। विमान में 181 यात्री सवार थे। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि विमान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 जेट था, जो बैंकॉक से लौट रहा था और दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर तीन मिनट पर हुई। अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि आग लगने की घटना में कम से कम 167 लोगों की मौत हो गई। एजेंसी के मुताबिक, मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है क्योंकि घटना के करीब छह घंटे बाद भी विमान में सवार बाकी लोग लापता हैं।

**टक्कर के बाद आग का गोला बन गया विमान:** बचाव दल ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जो चालक दल के सदस्य थे। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि वे होश में हैं। अग्निशमन एजेंसी ने आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 32 गाड़ियों और कई हेलीकॉप्टर तैनात किए। एजेंसी के मुताबिक, करीब 1,560 अग्निशमन कर्मी, पुलिस अधिकारी, सैनिक और अन्य अधिकारी भी घटनास्थल पर हैं। वाईटीएन टेलीविजन द्वारा प्रसारित एक फुटेज में 'जेजू एयर' विमान हवाई पट्टी पर फिसलकर एक कंक्रीट की दीवार से टकराता हुआ दिखता है। अन्य स्थानीय टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित वीडियो में विमान से काले धुएं का गुबार निकलता दिखा। मुआन अग्निशमन केंद्र के प्रमुख ली जियोंग-ह्योन ने संवाददाताओं से कहा कि विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है और मलबे के बीच केवल 'टेल असेंबली' ही पहचानी जा सकती है। ली ने बताया कि विमान के पक्षियों से टकराने के पहलू की भी जांच की जा रही है। परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि संचार रिकॉर्ड के उनके शुरुआती आकलन से पता चला कि हवाई अड्डे के नियंत्रण टॉवर ने विमान को उतरने से कुछ समय पहले पक्षियों के टकराने की चेतावनी जारी की।

# छात्रों पर पुलिस की हिम्मत नहीं लाठी चलाएं : प्रशांत किशोर

**लोक तंत्र की आवाज़**

● पटना गांधी मैदान में जुटे बीपीएससी अभ्यर्थी और जनसुराज कार्यकर्ता भी जुटे




**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में पुलिस और बीपीएससी अभ्यर्थी आमने-सामने आ चुके हैं। पटना के गांधी मैदान में छात्रों के साथ जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, पुलिस छात्रों को रोकने की कोशिश कर रही है। प्रशांत किशोर ने शनिवार को छात्रों से पटना के गांधी मैदान में जुटने का आव्हान किया था। हालांकि, पुलिस ने छात्रों को छात्र संसद करने की अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद छात्र और जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ता गांधी मैदान में जुट गए हैं। पुलिस ने छात्रों को गांधी मैदान खाली करने के लिए कहा, लेकिन छात्रों ने नारेबाजी शुरू कर दी। जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं का एक बड़ा ग्रुप पोस्टर बैनर के साथ गांधी मैदान पहुंचा।

प्रदर्शनकारियों को गांधी मैदान के अंदर स्थापित गांधी मूर्ति से कुछ पहले रोक कर रखा गया था, लेकिन संख्या बढ़ने के बाद अचानक छात्र और जन सुराज पार्टी के समर्थक पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ते हुए गांधी मूर्ति के पास पहुंच गए। इसी गांधी मूर्ति के पास पहुंचकर छात्र संसद का आयोजन करने का आह्वान प्रशांत किशोर ने किया था। इससे पहले पिछले 10 दिनों से छात्र धरना के लिए निर्धारित जगह गर्दनीबाग में प्रदर्शन कर रहे थे।

**गुटों में न बंटें- प्रशांत किशोर :** जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर भी छात्रों और कार्यकर्ताओं के बीच पटना के गांधी मैदान पहुंचे। उन्होंने छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा कि गुटों में मत बंटें। ऐसा करने से आपकी ताकत कमजोर होगी। वहीं, छात्रों को लंबे प्रदर्शन के लिए तैयार करते हुए उन्होंने कहा कि एक दिन आने से कुछ नहीं होगा। प्रशांत किशोर ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि पुलिस ने चारों तरफ से घेर रखा है, लेकिन पुलिस की हिम्मत नहीं है कि लाठीचार्ज करे।

**छात्रों को बीपीएससी अधिकारियों के साथ बैठक का प्रस्ताव :** बीपीएससी द्वारा आयोजित 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई), 2024 का प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के कारण अभ्यर्थी एक सप्ताह से अधिक समय से परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। पटना जिला प्रशासन ने बिहार लोक सेवा आयोग की 13 दिसंबर को हुई परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों की बैठक आयोग के अधिकारियों से कराने का प्रस्ताव रखा है, ताकि वे अपनी शिकायतें रख सकें। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने शनिवार को कहा कि प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए अपने पांच प्रतिनिधियों को नामित करना होगा, जिसके बाद बीपीएससी (मुलाकात के लिए) ''उचित समय के भीतर'' निर्णय लेगा। जिला प्रशासन ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को अपने प्रतिनिधियों (सभी परीक्षार्थी) की सूची देने को कहा है, ताकि हम इस मुद्दे पर बीपीएससी अधिकारियों के साथ उनकी बैठक करवा सकें। वे बैठक में आयोग के अधिकारियों को अपनी शिकायतों से अवगत करा सकते हैं।

# बीजेपी ने 1000 गज जमीन ना देकर अपमान किया, डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार तो बोले केजरीवाल

**लोकतंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली।** दिल्ली पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन 27 दिसंबर 2024 को हुआ था, और उनका अंतिम संस्कार 28 दिसंबर को दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। उनके निधन के बाद, कांग्रेस पार्टी ने उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए उनके स्मारक बनाने की मांग उठाई। इस पर राजनीतिक हलकों में विवाद शुरू हो गया था। वहीं अब आप नेता और दिल्ली के पूर्व सीएम ने अपने सोशल मीडिया पर एक पॉस्ट शेयर किया है। उन्होंने कहा कि सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजघाट पर हुआ है, तो डा. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर क्यों किया गया ?

इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कांग्रेस के इस प्रस्ताव को लेकर अपनी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि देश के अन्य प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार दिल्ली के राजघाट पर हुआ था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर क्यों किया गया। केजरीवाल ने इस सवाल के साथ यह भी आरोप लगाया कि इस कदम से सरकार ने अपमान किया है। उन्होंने बीजेपी से यह सवाल किया कि क्या एक पूर्व प्रधानमंत्री के लिए 1000 गज जमीन भी नहीं दी जा सकती थी। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 28 दिसंबर 2024 को दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# किस बात से बीजेपी से नाराज हुए नीतीश ! क्या विस चुनाव में बीजेपीके साथ करेंगे 'खेला' ?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं. इन चुनावों को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है. इसी बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की खामोशी ने सभी का ध्यान खींचा है. ऐसा नहीं है कि नीतीश कुमार इस समय राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं है. लेकिन अभी तक उनका बयान किसी बड़े मुद्दे पर नहीं आया है।

नीतीश कुमार राज्य में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं. जहां पर वो आम जनता से मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन उनकी चुप्पी ने सियासी पारा बढ़ा दिया है. कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार इस समय नाराज चल रहे हैं।

**नीतीश कुमार ने नहीं दिया कोई बयान :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस समय देश के कई बड़े मुद्दों पर अपनी राय नहीं रख रहे हैं. उन्होंने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल और वन नेशन वन इलेक्शन जैसे मुद्दों पर कोई बयान नहीं दिया है. वो इस समय राज्य की राजनीती में काफी ज्यादा सक्रिय है. वो प्रगति यात्रा भी निकाल रहे हैं. उनकी इस यात्रा में बीजेपी के नेता भी शामिल हो रहे हैं. लेकिन इसके बाद भी माना जा रहा है कि नीतीश कुमार कुछ मुद्दों को लेकर बीजेपी से नाराज चल रहे है।

**तेजस्वी यादव ने कही ये बात:** इससे पहले आरजेडी के नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया था. तेजस्वी ने कहा था कि सीएम नीतीश कुमार होश में नहीं हैं. वो बिहार की सरकार नहीं चला रहे हैं. कुछ रिटायर्ड अधिकारी सरकार चला रहे हैं. उनके जो दो-चार नेता हैं, वह लोग नीतीश की सरकार चला रहे हैं. इन लोगों ने पूरी तरीके से नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है।

**बीजेपी ने तेजस्वी यादव पर साधा निशाना:** तेजस्वी के इस बयान पर बिहार के भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल विपक्ष अब संस्कार भूल गया है. कुछ से कुछ बोलकर अब खिसियानी बिल्ली खंभा नोचने वाली बात है. वहीं, संतोष सुमन ने कहा कि ये सब पुरानी बातें हैं. वो रोज ऐसी बातें पता नहीं क्यों बोल रहे हैं ? हमें लगता है वो खुद हाइजैक हो गए हैं. वे बहुत हताशा हैं. वो जनता के बीच जब जा रहे हैं, तो देख रहे हैं कि जनता में उनके प्रति कोई रुझान नहीं है. इसलिए वो ऐसी बातें बोल रहे हैं।

# रन-वे पर टकराते ही बम बन गया विमान, विस्फोट के बाद 50 फुट ऊपर तक उछले यात्रियों के शव, 124 मौतें

**लोक तंत्र की आवाज़**



**सियोल।** दक्षिण कोरिया में रन-वे पर क्रैश होने से पहले जेजू एयर का विमान हवा में एक पक्षी से भी टकराया था। इसका वीडियो भी सामने आ गया है। इसके बाद जब विमान रन-वे लैंडिंग के वक्त भी बेकाबू था। बताया जा रहा है कि लैंडिंग गियर में खराबी आ जाने से वह अचानक दीवार की फेंसिंग से तेज स्पीड में टकरा गया। फैंसिंग से टकराते ही पूरा विमान बम में तब्दील हो गया। भीषण विस्फोट के साथ उसमें बैठे यात्रियों के शव 50 फुट से भी ज्यादा उंचाई तक उछल कर इधर-उधर बिखर गए। हादसा इतना अधिक भयानक था कि देखकर ही लोगों के रोंगटे खड़े हो जाएं। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के अनुसार हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब 124 तक पहुंच गई है।

बता दें कि यह हादसा दक्षिण कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुआ है। आरंभ में इसमें 96 लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी, जो अब बढ़कर 124 हो चुकी है। मौतों का आंकड़ा अभी और भी अधिक बढ़ने की आशंका है। विमान में करीब 182 यात्री सवार थे। कहा जा रहा है कि रन-वे पर फेंसिंग से टकराने से पहले यह विमान हवा में एक पक्षी से भी टकरा गया था, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

**दक्षिण कोरियाई मीडिया ने जारी किया वीडियो:** दक्षिण कोरियाई मीडिया ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें विमान रन-वे पर लैंडिंग से पहले पक्षी से टकराता दिख रहा है। इसके बाद उसमें हल्की आग और धुआं उठता भी दिखाई देता है। आगे जाकर विमान लैंडिंग के वक्त रनवे पर फेंसिंग से टकराते ही शक्तिशाली बम में तब्दील हो जाता है। भीषण विस्फोट के बाद लोगों के चीथड़े उड़ते दिखाई दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवादा : प्राण बिगहा में चलाया गया बुद्धिजीवी मंच का शिक्षा जागरूकता अभियान



**नवादा 15 दिसंबर ।** बुद्धिजीवी विचार मंच का एक सूत्री शिक्षा जागरूकता अभियान रविवार को सदर प्रखण्ड के प्राण बिगहा गाँव में सफलता पूर्वक चलाया गया । इस अभियान के तहत प्रभात फेरी , अभियान गीत , प्रेरक संवाद और जनसंपर्क जैसे कई कार्यक्रम एक साथ चलाये गए । बुधौल के विभिन्न गलियों मुहल्लों से गुजरते हुए अभियान दल के साथियों ने शिक्षा के महत्त्व को नीचले पायदान तक पहुँचाने की कोशिश की । खासकर दलित महादलित परिवार से संवाद कायम करते हुए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और शाम में दो घण्टे बच्चों के साथ बैठकर पढने–पढ़ाने का सन्देश दिया गया । मंच के संरक्षक डॉ सुनीति कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे इस अभियान का नेतृत्व संयोजक अवधेश कुमार ने किया जबकि लोक गायक चंदेश्वर प्रसाद ने आकर्षक गीतों के माध्यम से अलख जगाने की कोशिश की । प्रभात फेरी के लिए बच्चों को एकत्रित करने का कार्य ग्रामीण विश्वनाथ प्रसाद यादव ने किया । कारवां में शामिल रामबिलास प्रसाद , मथुरा पासवान , राम लखन प्रसाद , रामबालक बाबू , रामवरण बाबू , रवीन्द्र प्रसाद यादव , सुबोध कुमार आदि शिक्षा प्रेमियों ने उत्प्रेरक का काम किया । अभियान समापन पर बच्चों के बीच मिठाइयाँ बांटी गई ।

### अलग अलग मामलों में दो आरोपितों को किया गया गिरफ्तार,भेजा गया न्यायालय

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज पुलिस ने अलग–अलग मामलों के दो आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के मंजौर बेलदरिया ग्रामीण मारपीट के आरोपित विशेश्वर चौहान तथा स्थानीय बाजार के पोस्ट आफिस गली निवासी वारंटी ईश्वर साव को गिरफ्तार किया गया।

### नगर प्रखंड प्रमुख सुचिता रंजनी ने विधायक बेलागंज से मिली



**गया।** गया नगर प्रखंड प्रमुख पद पर कोई दावेदार नहीं होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए प्रमुख पद पर सुचिता रंजनी, पूर्व में इस प्रमुख पद पर सरिता देवी प्रमुख थी।जिसके अविश्वास प्रस्ताव में वह नही बन सकी इसके बाद पटना हाईकोर्ट में केस भी चल रहा है। कोर्ट के आदेश के अनुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में चुनाव 28 दिसंबर को हुआ। जिसमें सुचिता रंजनी चुनी गई, इसके बाद नव निर्वाचित विधायक मनोरमा देवी के आवास एपी कॉलोनी में जाकर आभार व्यक्त कि, उन्होंने बेलागंज विधायक मनोरमा देवी एवं उनके पुत्र राकेश रंजन उर्फ रोकी यादव से भेट की ,सभी को जानकारी है की बेलागंज उप चुनाव मे सुचिता रंजनी जदयू मे शामिल हुई थी इस प्रमुख चुनाव में बेलागंज विधायक मनोरमा देवी के पुत्र रोकी यादव की अहम भूमिका निभाई है।वही जदयू प्रखंड अध्यक्ष सतीश पटेल ने भी प्रमुख के जीत सुनिश्चित करवाने के लिए बहुत ही महेनेत किया है। इनके प्रमुख बनने पर कुजापी ई अजय कुशवाहा, जदयू प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, जदयू युवा जिलाध्यक्ष कुमार गौरव, महिला विकास मंच गया जिला अध्यक्ष अर्पण शर्मा, महिला विकास मंच राष्ट्रीय संयोजक विणा मानवी,दिप शिखा,चंदन जयसवाल, डॉ आदित्य,पी के चौधरी,अरुणीमा कुमारीआदी ने बधाई दी।

# नवादा प्रलेस के द्वारा तीन मगही कवियों को मिला मगही मुरेठा सम्मान 2024

लोकतंत्र की आवाज

**कवियों ने मचाया धमाल**





**नवादा 29 दिसंबर ।** मगही कोकिल जयराम सिंह पूण्य स्मृति माह के अवसर पर बहुप्रतिक्षित मगही मुरेठा सम्मान समारोह रविवार को श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट कार्यालय नवादा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ । नवादा प्रलेस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रलेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह ने की जबकि संचालन जिला सचिव अशोक समदर्शी ने किया । कर्यक्रम की शुरुआत जयराम बाबू के गीत के साथ सेवा निवृत शिक्षक रामरूप प्रसाद ने की । उसके बाद शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयराम बाबू को श्रद्धांजलि दी गई । श्रद्धांजलि सत्र में वक्ताओं ने जयराम बाबू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विशद चर्चा की एवं मगही मुरेठा सम्मान 2024 से सम्मानित मगही के शिखर रचनाकार मिथिलेश , जयप्रकाश एवं दीनबन्धु के साहित्यिक समर्पण और रचना धर्मिता को रखा । मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन मगही के विद्वान समीक्षक डॉ मिथिलेश कुमार सिन्हा ने प्रलेस द्वारा आयोजित मगही मुरेठा सम्मान 2024 को नवोदित रचनाकारों के लिए मील का पत्थर बताया । उन्होंने सम्मानित किये गए कवियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की । प्रो नरेशचंद्र शर्मा , जयनंदन , डॉ ओंकार निराला , मगही पत्रिका के संपादक धनंजय श्रोत्रिय , समीक्षक और कथाकार जयनंदन , समाजसेवी राजीव नयन , प्रो शिवेंद्र नारायण , अवधेश कुमार , बीके सिंह आदि ने विषय वस्तु पर व्यापक मंथन किया । सम्मान सत्र में कवि कथाकार मिथिलेश , गजलकार दीनबन्धु एवं गीतकार जयप्रकाश को मगही मुरेठा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया । सम्मान में मगही मुरेठा के साथ वाकिंग छड़ी , अंग वस्त्र , स्मृति चिन्ह और सम्मानपत्र प्रदान किया गया । संचालन करते हुए समदर्शी ने जानकारी दी कि यह सम्मान प्रत्येक वर्ष प्रलेस की ओर से दी जायगी । उन्होंने कार्यक्रम के प्रायोजक श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने सम्मान समारोह को लोकव्यापी और प्रभावी बनाने में सहयोग दिया । समारोह के आखिरी सत्र में कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें , नवादा , शेखपुरा , गया , पटना एवं जमुई के कवियों ने अपनी अपनी कविता से समारोह को ऊंचाई प्रदान किया । जयराम देवसपुरी , नरेंद्र सिंह जयराम बिहारी , पृत्वीराज पासवान , सच्चिदानंद सितारेहिंद , अजय अशोक , ममता कुमारी , आचार्य गोपाल , एस के सिद्दार्थ , मंसूर खान नादाँ , रेज़ा तस्लीम , उर्मिला कुमारी , डॉ सुबोध कुमार , कृष्ण कुमार भत्ता , शफी जानी नादाँ , उदय भारती , सुमित कुमार पियूष आदि ने रक से बढ़कर रक रचनाएँ सुनकर खूब तालियाँ बटोरी । कार्यक्रम के अंत में कार्यकारी अध्यक्ष शम्भू विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कामना की कि भविष्य में भी प्रलेस के किसी भी उत्सव में अपनी भागीदारी इसी तरह निभाएंगे ।

## सिरदला- नवाबगंज गांव में हुई मारपीट मामले में 52 लोगों को विरुद्ध दर्ज की गई प्राथमिकी



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

सिरदला थाना क्षेत्र के नवाबगंज के टोला परता गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष से 23 तथा दूसरे पक्ष से 29 लोगों के खिलाफ सिरदला थाना में प्राथमिक की दर्ज किया गया है। इस मामले में सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिरदला थाना कांड संख्या 477/ 24 प्राथमिकी दर्ज कर मारपीट करने के आरोप में नवाबगंज गांव में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान नवाबगंज गांव निवासी रविंद्र प्रसाद के पुत्र 20 वर्षीय राहुल कुमार, प्रकाश प्रसाद के पुत्र 21 वर्षीय विकेश कुमार, तथा धरम प्रसाद के पुत्र 40 वर्षीय विनोद प्रसाद बताया गया है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। बता दे की शुक्रवार को नवाबगंज के परता गांव में दो पक्षों में जमकर लाठी, डंडे से मारपीट की घटना हुई थी। मारपीट की घटना में खूब लाठी डंडे चले थे। इस मारपीट की घटना में तीन लोग जख्मी हो गए थे। जख्मी लोगों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला से प्राथमिक उपचार कर नवादा रेफर किया गया था। जख्मी लोगों में सहदेव यादव, राजेश कुमार, चुन्नू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि नवाबगंज गांव में मारपीट की घटना हुई थी। प्राथमिकी दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में गोली चलने की सूचना कहीं से कोई भी पक्ष से पुष्टि नहीं हुई है। और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पुलिस ने 200 लीटर महुआ शराब के साथ दो बाइक सवार को किया गिरफ्तार



लोक तंत्र की आवाज

**सिरदला एक संवाददाता**

परना डाबर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के कलाली मोड़ से एक किलोमीटर दक्षिण रोड से दो बाइक सवार के साथ 200 लीटर में महुआ चुलाई शराब बरामद किया है। थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान पड़रिया गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद के पुत्र रौशन कुमार तथा संजय प्रसाद के पुत्र विपिन कुमार बताया गया है। जिसे शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

## नवादा एक लड़की के घर में घुसकर किया दुष्कर्म का प्रयास

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा में लड़की को घर में अकेला देख 4 पड़ोसी युवकों ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की. हालांकि, पीड़िता ने शोर मचाया तो उसके पिता तुरंत पहुंचे और युवकों के चंगुल से छुड़ाने का प्रयास किया . जिसके बाद गुस्साए पड़ोसी युवकों ने लड़की के पिता को लाठी-डंडे से बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

**दुष्कर्म में नाकाम युवकों ने पीड़िता के माता -पिता को पीटा :** दुष्कर्म के फिराक में लोगों को जब पीड़िता के माता- पिता ने विरोध किया ,तो लड़की की मां के साथ भी पड़ोसियों ने बेरहमी से मारपीट की. जब लड़की ने उसका विरोध किया, तो उसे भी जान से मारने की धमकी दी गई. जब आरोपी लड़की को अपनी हवस का शिकार नहीं बना सके तो लड़की के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसके हाथ को तोड़ दिया गया. यह पूरा मामला नारदीगंज थाना क्षेत्र के भदौर गांव का बताया जाता है।

**दुष्कर्म की नीयत से घर में घुसे थे सभी आरोपी :** पीड़िता की माने तो 4 पड़ोसी युवक गंदी नीयत से उसके घर में घुस आए और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगे, जिसका विरोध करने पर आरोपी ने पिता और मां से मारपीट की. इस दौरान पिता की मौत हो गई। पीड़िता के भाई ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन घर में अकेली थी, तभी पड़ोसी महेंद्र चौधरी, विजय चौधरी, मदन चौधरी, रावो चौधरी और राहुल कुमार घर में घुस आए. घर में घुसते ही सभी अश्लील हरकतें करने लगे, जहां विरोध करने पर पूरे परिवार के साथ मारपीट की गई. इस दौरान पिता की मौत हो गई. वहीं, मां गंभीर रूप से जख्मी बतायी जा रही हैं. बहन का भी एक हाथ तोड़ दिया गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस ने आरोपित युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी. वहीं, इस घटना के बाद मृतक के घर के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है.

**प्रतिशोध को लेकर किया गया मारपीट :** नवादा सदर डीएसपी- सुनील कुमार ने कहा यह घटना पुराने प्रतिशोध को लेकर किया गया है.जिसमें चार लोगों के साथ मारपीट की गयी ,इलाज के क्रम में एक व्यक्ति की मौत हो गयी है.पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है.एफएसएल की टीम घटनास्थल पर मौजूद है .इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

# सिरदला: पुलिस ने विभिन्न मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

पुलिस ने सोनवे तकिया से 4.500 एम एल रॉयल स्टेट विदेशी शराब के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया है। साथ में लाल रंग के ग्लैमर मोटरसाइकिल को जप्त किया है। जिसका रजिस्टर नंबर है के जे एच 12 ई 8199 है। सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान गया जिला के गुरपा थाना क्षेत्र के कोरिया गांव निवासी सुरेंद्र यादव के 19 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 479/ 24 प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार युवक को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। इधर पुलिस ने ढाब गांव में छापेमारी कर मारपीट के एक आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान ढाब गांव निवासी मनोज पासवान की पत्नी खरेसरी देवी बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 290/24 27- 7-24 को प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तार महिला को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।


# सिरदला: नवाबगंज गांव में हुई मारपीट मामले में 52 लोगों को विरुद्ध दर्ज की गई प्राथमिकी

लोकतंत्र की आवाज





**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

सिरदला थाना क्षेत्र के नवाबगंज के टोला परता गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष से 23 तथा दूसरे पक्ष से 29 लोगों के खिलाफ सिरदला थाना में प्राथमिक की दर्ज किया गया है। इस मामले में सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिरदला थाना कांड संख्या 477/ 24 प्राथमिकी दर्ज कर मारपीट करने के आरोप में नवाबगंज गांव में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान नवाबगंज गांव निवासी रविंद्र प्रसाद के पुत्र 20 वर्षीय राहुल कुमार, प्रकाश प्रसाद के पुत्र 21 वर्षीय विकेश कुमार, तथा धरम प्रसाद के पुत्र 40 वर्षीय विनोद प्रसाद बताया गया है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। बता दे की शुक्रवार को नवाबगंज के परता गांव में दो पक्षों में जमकर लाठी, डंडे से मारपीट की घटना हुई थी। मारपीट की घटना में खूब लाठी डंडे चले थे। इस मारपीट की घटना में तीन लोग जख्मी हो गए थे। जख्मी लोगों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला से प्राथमिक उपचार कर नवादा रेफर किया गया था। जख्मी लोगों में सहदेव यादव, राजेश कुमार, चुन्नू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि नवाबगंज गांव में मारपीट की घटना हुई थी। प्राथमिकी दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में गोली चलने की सूचना कहीं से कोई भी पक्ष से पुष्टि नहीं हुई है। और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।


# रंग लाई मेहनत प्रो. डॉ. जितेंद्र को एनआईटी राउरकिला से मिली कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** दिये हैं जिन्दगी में कई इम्तिहान मैंने तब जाकर कहीं ये मुकाम पाया है, कभी साथ था मेरा तकलीफों के साथ आज ये वक़्त खुशियों का पैगाम लाया है यह कर दिखाया वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के देवी स्थान रोड, संगत पर वार्ड नं 13 के एवं मोहिउद्दीनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया नागेंद्र कुमार चंद्रवंशी के तृतीय पुत्र जितेंद्र कुमार ने, इनको एनआईटी राउरकिला, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विषय में डेटा साइंस ( डॉक्टरेट ऑफ फिलॉस्फी ) की उपाधि मिली है। प्रो. जितेन्द्र ने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग में एचओडी प्रोफेसर डॉ. विभुदत्ता साहु के निर्देशन में 'डेटा विज्ञान अनुशंसा प्रणाली' विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया हैं।वर्तमान में डॉ. जितेन्द्र बिहार सरकार में विज्ञान प्रौद्योगिकी तकनीकी मंत्रालय के अंतर्गत सहायक प्रोफेसर के पद पर सेवा दे रहे हैं। प्रो. जितेन्द्र ने यूजीसी नेटझ्रजेआरएफ जैसी राष्ट्रीय परीक्षा पहली बार में ही सफलता हासिल की है।पीएचडी के दौरान सीनियर रिसर्च फेलो रहते हुए उनके कई रिसर्च पेपर भी प्रकाशित हो चुके हैं।वह अपनी उपलब्धियों का श्रेय अपने माता श्रीमती मालती देवी पिता नागेन्द्र कुमार चंद्रवंशी अपने शोधनिर्देशक डॉ प्रो. डॉ. विभुदत्ता साहू एवं समस्त गुरुजनों, परिवारजन और अपने समस्त क्षेत्रवासियों समस्त मित्रों को देते हैं।आगे एनआईटी राउरकिला, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग दीक्षांत समारोह आयोजित कर राष्ट्रपति के हाथ से डॉ. जितेंद्र को सम्मानित भी करेंगे।उनको एनआईटी राउरकिला, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विषय में डेटा साइंस ( डॉक्टरेट ऑफ फिलॉस्फी ) की उपाधि मिलने पर वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है।क्योंकि वारिसलीगंज की धरती से जितेंद्र का विशेष लगाव रहा है।



**बीपीएससी द्वारा आयोजित कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पहली बार में की थी सफलता हासिल:** बीपीएससी द्वारा आयोजित कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग असिस्टेंट प्रोफेसर के पद की परीक्षा में 11 जनवरी 2024 को ई. डॉ जितेंद्र का फाइनल रिजल्ट घोषित हुआ। बता दे की बीपीएससी द्वारा आयोजित कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग असिस्टेंट प्रोफेसर 208 पदों पर भर्ती निकाली गई थी जिसमें ई. डॉ जितेंद्र का चयन हुआ था।उन्होंने 13 वा रैंक लाकर बिहार राज्य के नवादा जिले सहित वारिसलीगंज प्रखंड का नाम रौशन किया है। ई. जितेंद्र के पिता पूर्व मुखिया नागेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि जितेंद्र प्रारंभ से ही मेघावी छात्र रहे है। उन्होंने पढ़ाई कार्यकाल के दौरान जिलाधिकारी एवं राष्ट्रपति से मेडल प्राप्त किया है। जितेंद्र नवादा जिला स्थित कन्हाई लाल साहू इंटर विद्यालय से मैट्रिक एवं वारिसलीगंज प्रखंड स्थित एस एन सिन्हा कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया है। फिर पंजाब के चंडीगढ़ से बीटेक की डिग्री हासिल की। ई. डॉ जितेंद्र कुमार द्वारा उड़ीसा के एनआईटी राउरकेला से एमटेक एवं पीएचडी की डिग्री हासिल की। ई. डॉ जितेंद्र ने आगे की पढ़ाई जारी रखा एवं बीपीएससी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा के प्रथम प्रयास में उन्होंने बाजी मार डाली। ई. डॉ जितेंद्र कुमार के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। ई. डॉ. जितेंद्र बताते हैं कि उनके सफलता का श्रेय उनके माता-पिता सहित पूरे परिवार को दिया है।

## बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठियां बरसाने पर जन सुराज के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ने जताया कड़ा एतराज

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** बीते दिनों पटना में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर बिहार पुलिस द्वारा जम कर लाठियां बरसाने की घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए जन सुराज पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बीडी शर्मा ने कहा की केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकारों की अनदेखी के कारण लगभग सभी महत्त्वपूर्ण परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक होने के कारण अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश है। यह पहली घटना नहीं है बार-बार प्रतियोगिता परीक्षाएं की प्रश्न पत्र लीक हो रहे हैं। इसमें बड़े-बड़े अधिकारियों और कर्मचारियों का मिली भगत है। होनहार विद्यार्थियों के भविष्य के साथ बीपीएससी के अधिकारी खिलवाड़ कर रहे हैं, जबकि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में अभ्यर्थियों को कड़े परिश्रम और मेहनत करना पड़ता है। अभ्यर्थियों के भविष्य के हितों का ध्यान रखते हुए प्रश्न पत्र लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किया जाए।उन्होंने कहा कि बीपीएससी के परीक्षार्थी जब कार्यालय के पास शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे, तो बीपीएससी के अधिकारियों तथा पुलिस प्रशासन को उनकी बातें, समस्याओं को सुनें बगैर जिस प्रकार लाठियों से जम कर खदेड़, खदेड़ कर पीटा गया, जिसमें सैकड़ों अभ्यर्थियों गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गए।उन्होंने कहा कि छात्रों पर लाठियां बरसाने वाले नीतीश सरकार को सूबे के छात्र युवा नौजवान आगामी विधानसभा चुनाव में लाठी का करारा जवाब वोट के माध्यम से देंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हरिद्वार में पहली बार कैटलबेल स्पोर्ट की चैंपियनशिप का हुआ आयोजन



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

हरिद्वार कैटलबेल गेम को हिंदुस्तान में कम लोग जानते है परन्तु विदेशो में इसका बहुत बोलबाला है। सरकार को इस खेल की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी दो माह बाद होने वाले नेशनल गेम में इसको शामिल करने के लिए सरकार से निवेदन करेंगे। आज हरिद्वार इंडस्ट्रियल एरिया में हरिद्वार मैं पहली बार कैटलबेल स्पोर्ट की चौंपियनशिप का आयोजन हुआ। जिसका आयोजन हरिद्वार फिटनेस जोन के ओनर और इंटरनेशनअल एथलिट सरबजीत सिंह एवं शालिनी सिंह ने द फ्यूचर यू जो की कैटलबेल स्पोर्ट वर्ल्ड लीग के लाइसेंस्ड कैटलबेल हब हैं के साथ मिल कर किया। जिसमें जनाधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस प्रतियोगिता में तकरीबन सात स्टेट और तीन कंट्री के पचास खिलाड़ियों ने भाग लिया। आजाद अली ने कहा कि आज उत्तराखंड के लिए बड़े गर्व की बात है कि हरिद्वार में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया प्रतियोगिता में जज की भूमिका में अंशु तारावत एवं सुषमा बाजवा रही। जज अंशु तारावत ने कहा कि इस गेम को लेकर अब धीरे धीरे बच्चों में जागरूकता आ रही है। सरकार को भी कैटलबेल को बढ़ावा देना चाहिए। स्कूलों और कॉलेज में इस खेल को प्रोत्साहित करना चाहिए। सबसे ज्यादा रैंक लाने वालों में सर्वजीत सिंह और शालिनी सिंह रही। कार्यक्रम में आये अतिथियो में जनाधिकार मोर्चा की महासचिव हेमा भंडारी, ममता सिंह, अफजाल, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### सेनानी उत्तराधिकारी संगठन तहसील ईकाई बांसडीह की बैठक



**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** सहतवार बड़ा पोखरा पर रविवार के दिन अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन तहसील ईकाई बांसडीह की बैठक जिलामहामंत्री शम्भू नाथ तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ ही सेनानी आश्रितो को संगठन से जोड़ने का अभियान चलाने का सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया ।इसके अलावे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखते हुए चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ भावभिनी श्रद्धांजलि दी गयी ।अर्थ के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए उन्हें भारत रत्न देने की मांग किया गया। इस बैठक में तहसील अध्यक्ष शिवशंकर श्रीमाली के अलावे सर्वजीत दुबे,शिवसागर पाण्डेय,सुरेश प्रसाद,रमेश कुमार सैनी,अजय कुमार सिंह,आनंद सैनी,हरेंद्र वर्मा आदि सेनानी परिवार शामिल रहे।

### जालसाजी व कूटरचित दस्तावेज निर्माण करने का मुकदमा दर्ज

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** प्रार्थना पत्र पर उपजिलाधिकारी सदर के फर्जी हस्ताक्षर करने के मामले में पुलिस ने एसडीएम सदर आत्रेय मिश्रा की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ जालसाजी व कूटरचित दस्तावेज निर्माण करने का मुकदमा दर्ज किया है। थाने में एसडीएम द्वारा तहरीर दी गयी है कि बांसडीहरोड इलाके के उधो दवनी निवासी शिवशंकर यादव विगत 21 मार्च को एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसपर पारित आदेश का वर्तमान में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवलोकन करने पर यह ज्ञात हुआ कि उक्त प्रार्थना पत्र पर जारी किया गया आदेश अधोहस्ताक्षरी का न होकर फर्जी तरीके से बनाया गया है। जो कि एक गंभीर अपराध है। मामले में एसडीएम द्वारा पत्र जारी कर पुलिस को निर्देशित किया गया है कि संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कारवाई की जाये। उपजिलाधिकारी के पत्र के आलोक में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि प्रकरण में अभियोग पंजीकृत का जांच की जा रही है।

# बिजनौर में सड़क हादसे में कार सवार की मौत: पत्नी और बच्चा घायल, ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट जसवीर सिंह**



उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की तहसील बिजनौर के मंडावर इलाके में एक कार खाली ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। टक्कर इतनी भयंकर थी की हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी और बच्चा घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दरअसल यह हादसा बिजनौर के मंडावर थाना क्षेत्र में देर रात उस वक्त हुआ। जब मंडावर की तरफ से जा रही कार गांव रतनपुर के सामने खाली गन्ने के ट्राले से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी की हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरहक्षतिग्रस्त हो गया।जबकि हादसे में कार चालक की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नांगल थाना क्षेत्र के गांव पुंडरी का रहने वाला पंकज 28 वर्ष पुत्र सुबोध अपनी पत्नी और बच्चे के साथ कर में सवार होकर जा रहा था। जैसे ही रतनपुर के पास पहुंचा तभी गन्ने की एक खाली ट्रैक्टर ट्राली से की जोरदार टक्कर हो गई।

## उत्तराखंड छमाही निरीक्षण करने कोतवाली मंगलौर पहुंचे एसपी देहात शेखर चंद सुयाल

**लोकतंत्र कीआवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

उत्तराखंड जनपद हरिद्वार मंगलौर एसपी ग्रामीण शेखर चंद्र सुयाल द्वारा कोतवाली मंगलौर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण व थाने में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मालखाना, कार्यालय, शस्त्र, आपदा उपकरणों, अभिलेखों, भोजनालय, बैरकों आदि का निरीक्षण किया गया। अस्लाह एम्युनेशन की निरंतर सफाई एवं आपदा उपकरणों को तैयारी हालातों में रखते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने हेतु रल्लड मंगलौर को निर्देशित करते हुए थानों वर्तमान में चल रहे सभी अभियानों में सजग रहते हुए अभियान को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया।



## स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा दिखाता बेरूआरबारी ब्लॉक मुख्यालय



**लोकतंत्र की आवाज़**

**घनश्याम तिवारी**

**सुखपुरा /बलिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा दिखाता बेरूआरबारी ब्लॉक मुख्यालय की सबसे बड़ी आबादी वाले ग्राम सभा सुखपुरा,जहाँ सरकारी धन से लाखों रुपये की लागत से बना कूड़ा निस्तारण केंद्र दो वर्षो से यहाँ बस्ती से बाहर सूखा कचरा और गीला कचरा निस्तारण करने के लिए लाखों रुपये की लागत से कूड़ा निस्तारण केंद्र के निर्माण के साथ साथ ग्राम सभा के विभिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या मे लाखो रुपये की लागत से ईट से बना पक्का गीला व सुखा रखने के लिए कुंडा दान व स्टील, टीन सेट से बना कूड़ा दान भी लगवाए गए ।लेकिन उसका कोई उपयोग नहीं है । ग्राम प्रधान ने वर्तमान में मुख्य बाज़ार मे ही बलिया सिकन्दरपुर मार्ग के पटरी के किनारे समस्त ग्राम सभा का कूड़ा एक जगह पुराने स्टेट बैंक के समीप इकट्ठा करवाया जा रहा है।जिसकी वजह से चारों तरफ दुर्गंध फैलने की वजह से स्थानीय लोगों के साथ साथ बाज़ार आने जाने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ,साथ ही संचारी रोगों के फैलने का भी खतरा मंडरा रहा है।लोगों का कहना है कि लाखों की लागत से जब कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनकर आज दो सालों से तैयार है तो फिर कस्बे मे वह भी मुख्य बाजार मे इकठ्ठा करने का अवचित्य किया है यह समझ से परे हैं ।यह ग्राम प्रधान की उदासीनता का कारण बना हुआ है ।इस सम्बंध मे ग्राम पंचायत अधिकारी भरत कुमार सिंह से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि कुडा निस्तारण केन्द्र से बिजली मोटर चोरी हो गयीं थी अब लगभग नब्बे हजार रुपये की लागत से मोटर खरीद लिया गया है ।बहुत जल्द ही केन्द्र चालू किया जायेगा।यही नहीं सुखपुरा में सरकारी धन का दुरपयोग भी देखने को मिल रहा है।कभी ईंट का ,फिर लोहे के जाली का और अब स्टील का कुड़ेदान जगह जगह लगाया गया हो। कभी भी उसमें से कुड़ा भी नहीं निकाला जाता है।

## बलिया : मोबाइल पर दी धमकी

**लोकतंत्र की आवाज़**

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** खेजुरी थाना क्षेत्र में युवक की लालच और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण शादी टूटने के बाद, वह लड़की को बदनाम करने की साजिश में जुट गया। आरोप है कि युवक ने लड़की की एडिटेड तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड कर दीं। लड़की के पिता ने थाने में शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अब मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लड़की के पिता का आरोप है कि 2023 में खेजुरी निवासी लड़की की शादी उभांव थाना क्षेत्र के बासपार बहोरवा निवासी मोनू से तय हुई थी। लड़की के पिता के अनुसार रिश्ता तय होने पर सोने की अंगूठी और नगद उपहार स्वरूप दिए गए। पिता का आरोप है कि शादी के बाद लड़के और उसके परिवार की मांगें लगातार बढ़ने लगी। परेशान होकर लड़की पक्ष ने रिश्ता तोड़ने का फैसला लिया। समझौते के तहत दोनों पक्षों ने दिए गए उपहार वापस कर दिए, लेकिन लड़के पक्ष ने नगद नहीं लौटाए। पिता ने अपनी बेटी के लिए नया रिश्ता तलाशना शुरू कर दिया। पता चलने पर मोनू ने जुलाई 2024 से लड़की और उसके परिवार को परेशान करना शुरू कर दिया। वह अनायास लड़की के गांव आने लगा और फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लड़की की एडिटेड तस्वीरें पोस्ट करने लगा। लड़के ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लड़की के पिता को कॉल करके गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां भी देने लगा। थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर लड़की के पिता ने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने पुलिस को शनिवार को आदेश दिया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

## बलिया : अनावश्यक प्रलोभन ही पतन का कारण है

**लोकतंत्र की आवाज़**

**घनश्याम तिवारी**



**बलिया।** सिकन्दरपुर तहसील के दुहा बिहरा स्थित श्री वनखंडी नाथ (श्री नागेश्वर नाथ महादेव) मठ के पावन परिसर में उक्त मठ के यशस्वी संस्थापक स्वामी ईश्वरदास ब्रह्मचारी जी महाराज के विशेष प्रयास से 108 कुंडीय कोटि होमकत राजसूय महायज्ञ का आयोजन किया गया. क्षेत्र सिकन्दरपुर जारी है। यज्ञाचार्य पंडित रेवती रमण तिवारी तिवारी का आचार्यत्व वैदिक है। वैदिक विधि विधान से पूजा करें मदिवाचेन-वंदन हवन आरती आदि निरंतर किये जा रहे हैं। पांच मंजिला यज्ञ मंडप लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. उधर, ज्ञानयज्ञ मंडप श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ है। अयोध्या धाम की गौरांगी गौरी को सुनने के लिए श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को सायंकालीन सत्र में मनोवैज्ञानिक गौरांगी गौरीजी ने सती-मोह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनावश्यक मोह सर्वनाश का कारण है। वह मंच से दर्शकों को संबोधित कर रही थीं. आसक्त सती ने शंकर जी से कहा कि यदि वे भगवान होते तो उनकी पत्नी चोरी नहीं होती और न ही मिलती और वन-वन भटकती रहतीं। जब वे सीता की तलाश में हैं तो मैं सीता क्यों नहीं बन जाती और वे सीता का रूप बन जाते हैं। असल में किसी का रूप बना लेने से व्यवहार नहीं आता। लक्ष्मण जी को आश्चर्य हुआ कि उन्होंने माता जानकी का रूप क्यों बनाया? लेकिन वे इसलिए चुप नहीं हैं क्योंकि लड़ाई में बड़े-बुजुर्ग चुप हैं। कोई भी पति अपनी पत्नी के सामने सिर नहीं झुकाता, इसलिए राम ने कहा - सीता के पति को आपके चरणों में सिर झुकता जाता है तो मित्र पानी में उफान कर अग्नि को ही बुझाता है। सती प्रथा या परीक्षा प्रणाली से नाराज होकर शंकर समाधिस्थ हो गये। बह्मा द्वारा अधिकृत दक्ष ने समाधि खोली लेकिन भारी यज्ञ करने के लिए शंकर को आमंत्रित नहीं किया। यह सती दक्ष गृह प्रवेश करके अपमानित होकर योगाग्नि में जलकर मर गयी। यज्ञ नष्ट हो गया. अगले जन्म में सती ने नारदीय प्रेरणा से हिमाचल-गृह में जन्म लिया, हिमाचल की पुत्री पार्वती को शंकर जी पति के रूप में मिले और शंकर पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। गौरांगी ने गौरेया पक्षी का दर्शन कराते हुए कहा कि कभी-कभी किसी को छोटी राय नहीं समझनी चाहिए बल्कि उस पर बात करनी चाहिए। अहंकार ही पतन का कारण है, जैसे विशाल सागर को तुच्छ पक्षी गौरैया के सामने झुकना पड़ा और क्षमा मांगनी पड़ी अनावश्यक प्रलोभन ही पतन का कारण है।

# साल 2025 में बदलेगी ग्रहों की चाल, इन राशियों पर पड़ेगा गहरा प्रभाव, ज्योतषिाचार्य से समझें सब कुछ...

**लोक तंत्र की आवाज**

**सतीश**




**लखनऊ ।** नया साल शुरू होने में अब कुछ ही दिन बाकी रह गया है। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि नए साल में गुरु शनि राहु और केतु जैसे बड़े ग्रह बदलाव करेंगे। जिसका प्रभाव आम लोगों की राशियों पर भी पड़ेगा। नए साल में कुल चार ग्रहण पड़ेंगे। 14 मार्च को चंद्र ग्रहण होगा तो भारत में अदृश्य होगा। धार्मिक दृष्टि से इसका कोई प्रभाव नहीं है। में कई सूर्य ग्रहण व चंद्र ग्रहण भी पड़ेंगे। साल 2025 की शुरुआत में शनि, राहु-केतु और गुरु चार ग्रहों का गोचर होगा। ऐसे में ये चारों ग्रह मिलकर सभी राशियों को प्रभावित करने वाले हैं।आचार्य एसएस नागपाल ने दैनकि जागरण से बात करते हुए बताया कि 29 मार्च 2025 को शनि अपनी स्वराशि कुंभ से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। शनि किसी एक राशि में लगभग ढाई साल रहते हैं। शनि अभी कुंभ राशि में गोचर कर रहे हैं। शनि के कुंभ राशि में रहने के कारण मकर, कुंभ और मीन राशि वालों पर शनि की साढ़े साती चल रही है। कर्क और वृश्चिक राशि वालो पर ढैया चल रही है जो 29 मार्च 2025 तक रहेगी। शनि 29 मार्च 2025 को कुंभ राशि से निकल कर मीन राशि में प्रवेश करेंगे, तब मकर राशि की साढ़े साती से और कर्क और वृश्चिक राशि वाले ढैय्या से मुक्त हो जाएंगे। वहीं कुंभ, मीन और मेष राशि वालों पर शनि की साढ़े साती चलेगी और सिंह और धनु राशि वालो पर ढैया चलेगी।

## बिजनौर झोलाछाप चिकित्सक ने ली फिर एक व्यक्ति की जान

**लोकतंत्र की आवाज**

### अस्पताल परिजनों ने काटा हंगामा, पुलिस मामले की जांच में जुटी



**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**

अफजलगढ़ क्षेत्र के कासमपुरगढ़ी गांव निवासी 55 वर्षीय नन्हे सिंह को बुखार होने पर शनिवार को एनजेएस मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान शाम करीब छह बजे उनकी मौत हो गई।मृतक के बेटे अनिल कुमार का आरोप है कि उनके पिता को केवल बुखार था, लेकिन अस्पताल स्टाफ ने दो इंजेक्शन लगाए। इसके बाद उन्हें उल्टियां होने लगीं और सांस लेने में दिक्कत हुई।परिजनों का कहना है कि, गंभीर हालत के बावजूद मरीज को रेफर नहीं किया गया, जिससे उनकी जान चली गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जिसके चलते स्थानीय पुलिस को मौके पर बुलाया गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अफजलगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

# सीएमओगी ने राष्ट्रपति को दिया महाकुंभ का निमंत्रण, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत इनसे भी मिले

**लोक तंत्र की आवाज**

**रत्ना**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और अन्य विशिष्टजनों से मुलाकात कर 2025 के महाकुंभ के लिए निमंत्रण दिया। महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रबंधन अध्ययन संकाय इस आयोजन के कार्यबल और संचालन पर अध्ययन करेगा। अध्ययन में कुंभ मेला की कथाएं सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर भी फोकस रहेगा।मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भी प्रयागराज आने का न्योता दिया। योगी ने विशिष्टजनों को निमंत्रण पत्र के साथ ही महाकुंभ का लोगो, कलश, महाकुंभ से जुड़ा साहित्य व नववर्ष का कैलेंडर एवं डायरी भेंट की। प्रदेश सरकार 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में विशिष्टजनों को आमंत्रण दे रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से मुलाकात की थी। रविवार को भी योगी ने विशिष्टजनों से भेंट कर उन्हें प्रयागराज आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति सहित अन्य विशिष्टजनों का अमूल्य समय प्रदान करने के लिए उनका आभार भी जताया।

## बिजनौर सड़क किनारे आग जलाकर ताप रहे एक मंदबुद्धि युवक को ट्रक ने कुचला

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**



जनपद बिजनौर के थाना नगीना क्षेत्र के अकबराबाद में सड़क किनारे आग जलाकर ताप रहे एक मंदबुद्धि युवक को ट्रक ने कुचल दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में मंदबुद्धि युवक की कानों से ज्यादा खून बह जाने के कारण मौके पर हीमौत हो गई वहीं स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ट्रक व उसके चालक को पकड़ लिया ।जिससे पूछताछ की जा रही है । यह दिल दहला देने वाला हादसा थाना नगीना क्षेत्र के अकबराबाद चौराहे के पास का है जहां लोगों ने ने बताया कि आज सुबह करीब 11:00 बजे के आसपास ,एक मंदबुद्धि युवक ठंड से लकड़ियां चुग कर लाया ।बाद में वह सड़क किनारे बैठकर आग जलाकर तापने लगा। तभी एक ट्रक आया और उसके ऊपर पहिया चढ़ा दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि मन बुद्धि युवक को काफी ठंड लग रही थी ।कुछ लोगों ने उसे वहां पर तापने से भी मना किया था। क्योंकि वहां से ट्रैफिक गुजर रहा था लेकिन वह नहीं माना कुछ ही देर बाद वहां से गुजर रहा ट्रक उसके ऊपर चढ़ गया । बताया जा रहा है कि मृतक के कानों से ज्यादा खून बह जाने के कारण उसकी कुछ ही मिनटों में मौत हो गई वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।पुलिस का कहना है कि अभी तक मंदबुद्धि युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सड़क दुर्घटना में सांसद प्रतिनिधि घायल

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय



पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के कीर्तनीय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि , सांसद प्रतिनिधि,बिहार राज्य मुखिया संघ के उपाध्यक्ष, झुंपा सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए । ज्ञात हो अपने पंचायत के कामों से पटना गए हुए थे, पटना में कार्यालय जाने के क्रम में पीछे से अज्ञात बाहर के द्वारा धक्का मार दिया गया। जिससे वह घायल हो गए। चिकित्सकों ने उनका बेहतर चिकित्सा किया और उन्हें आराम करने की सलाह दी। उनके घायल होने पर पूरे प्रखंड के लोगों ने दुख व्यक्त किया और सभी लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना किया भाई झुंपा सिंह जी जल्दी स्वस्थ हो जाए। हम लोगों के बीच आ जाए।

### भाजपा विधायक शैलेंद्र के घृणित और उन्मादी बयान पर कार्रवाई करे सरकार : अरुण यादव

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम



बिहपुर। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने भाजपा के विधायक कुमार शैलेंद्र द्वारा दिये गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक जाति, धर्म विशेष पर इस तरह का बयान देकर भाजपा विधायक कुमार शैलेंद्र ने घृणित मानसिकता का परिचय देते हुए संविधान और संसदीय लोकतंत्र की गरिमा को शर्मसार करने का काम किया है।राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा विधायक कुमार शैलेंद्र ने जाति, धर्म के विरुद्ध उन्मादी बयान देकर समाज में नफरत फैलाने का प्रयास कर रहा है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ कर राजनैतिक रोटी सेंकना चाहता है। शैलेंद्र के इस घृणित बयान से समाज का बहुत बड़ा वर्ग आहत हुआ है। इसलिए घृणित व उन्मादी बयान के लिए नीतीश सरकार अविलंब कार्रवाई करे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि कुमार शैलेंद्र पर शासन प्रशासन कार्रवाई अगर नहीं करती है तो समझा जाएगा कि भाजपा के तर्ज पर सरकार ने भी भाजपाई विधायक को समाज में घृणा और नफरत फैलाने का खुली छूट दे रखी है। ज्ञात हो कि विधायक कुमार शैलेंद्र ने राजद के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप करते हुए मुस्लिम समाज को गाली दिया और कहा मुस्लिम 20—20 बच्चा पैदा करता है, इस बार चुनाव जीतेंगे तो सबको सैत देंगें।

### वाईसीसी जूनियर मैं खैरपुर को हराकर फाइनल में अपना जगह बनाया

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम



बिहपुर। प्रखंड मैदान पर चल रहे टेनिस क्रिकेट वाईसीसी चैलेंजर ट्रॉफी 2024, 25 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बिहपुर प्रखंड के मैदान में वाईसीसी जूनियर वर्सेस खैरपुर के बीच खेला गया। जिसमें खैरपुर के टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी गेंदबाजी किया और वाईसीसी जूनियर की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया पहले बल्लेबाजी करते हुए वाईसीसी बिहपुर की टीम ने 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया वाईसीसी के ओर से छोटू ने 53 विक्रम ने 54 तथा लक्ष्मण ने 37 रन का योगदान दिया खैरपुर की तरफ से अजय ने दो तथा रितिक ने दो विकेट झटके लक्ष्य का पीछा करते हुए खैरपुर की टीम 181 रन ही बन पाई यक जूनियर के तरफ से आशीष राय साजिद किशन और सत्यम ने दो—दो विकेट अपने नाम किया मैन ऑफ द मैच विक्रम को दिया गया मैच में अंपायर की भूमिका में मिलन रोशन स्कोर की भूमिका में प्रहलाद और कॉमेंटेटर की भूमिका में जानकी, अंशु कुमार शर्मा मौजूद थे । दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला 31 दिसंबर को शांतिनिकेतन बलिया वर्सेस गोपालपुर 11 के बीच खेला जाएगा इसकी जानकारी रवि कुमार अनुज कुमार ने दिया।

### पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया गया शोक सभा का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



साहिबगंज। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह मंडरो प्रखंड अध्यक्ष डॉ विमलदेव भगत के मंडरो स्थित आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया इस दौरान उनके तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस संबंध में डॉ विमलदेव भगत के बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे, साथ ही इमानदार कर्मठ सुयोग्य विश्व के नेताओं में से एक थे उनके निधन पर भारत की अपूर्णिय क्षति हुई है ,इसकी भरपाई नहीं की जा सकती इन्होंने अपने शासनकाल में देश को तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी विकास के साथ जनता के भी ख्याल रखा करते थे। मोके पर शेख मुन्ना,अंशुपाल तांती,संजू मड़ैया, निरंजन राय, श्याम सुंदर सिंह सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पुलिस निरीक्षक ने तालझारी थाने में की समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज



साहिबगंज। पुलिस निरीक्षक श्यामलाल हांसदा ने रविवार को तालझारी थाना परिसर में लंबित कांडों की समीक्षा की। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि तालझारी थाना में लंबित कांडों, कुर्की, पासपोर्ट एवं यूडी कांडों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर करने का आदेश दिया है। साथ ही थाना पर अपनी समस्या को लेकर आये आगंतुकों के साथ मधुर व्यवहार करने एवं उनकी समस्याओं को सुन अविलंब निदान करने को भरपूर प्रयास किया जाए। जिससे आमलोगों को पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ें। पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करके ही एक अच्छी एवं बेहतर पुलिसिग की जा सकती है। पब्लिक का सहयोग पुलिस के लिए आवश्यक है। इस दौरान एसआई कन्हैया साह , सियाराम पंडित , एएसआई मनोज आजाद ,अनिल सिंह, मनसा हजाम सहित पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# सुपौल के जदिया में भास्कर की हत्या की आरोप ग्रामीणों ने लगाया बहनोई पर, पुलिस अनुसंधान में कातिल निकला भास्कर का सगा चाचा

**लोक तंत्र की आवाज**



- चाचा ने ही सुपारी किलर से कराई थी भास्कर की हत्या

**सुपौल।** जिले के जदिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, पुलिस ने एक साथ दो बड़ी घटनाओं का खुलासा किया है, जदिया बाजार में पिछले चार माह पहले गोली मारकर हुई भास्कर आनंद की हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाना जदिया पुलिस के लिए चुनौती बन गई थी,ग्रामीणों का आरोप था कि भास्कर आनंद को उनके बहनोई ने ही मरवाया है, लेकिन थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने इन आरोपो को ख़ारिज़ करते हुए, इन घटनाओं की खुद अपने स्तर से अनुसंधान शुरू कर दी, काफी मशक्कत के बाद आखिरकार जदिया पुलिस खुलासा कर ही लिया, जिससे जदिया पुलिस लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है।

पुलिस के मुताबिक चाचा पप्पू कुमार हिमांशु ने ही इकलौते भतीजे भाष्कर आनंद को जमीन विवाद में सुपारी देकर अपराधियों से हत्या करवाई थी. हालांकि वारदात के बाद पुलिस ने नामजद आरोपी चाचा पप्पू कुमार हिमांशु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. घटना के खुलासे के लिए पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान में जुटी हुई थी. इस घटना में शामिल शूटर मो रियाज को गिरफ्तार करने के बाद जब सख्ती से पूछताछ की गई तो वारदात की परतें खुलती चली गई. इसके बाद पुलिस ने लाइनर की भूमिका में रहे दूसरे आरोपी मो बिक्कू उर्फ कमरुज्जमा को गिरफ्तार कर पूछताछ की. जहां दोनों ने स्वीकारोक्ति बयान में वारदात अंजाम देने का जिक्र किया. थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मृतक भास्कर के बड़े चाचा स्व महंत विनोद दास ने अपने हिस्से की जमीन भास्कर के नाम कर दी थी. इसी का आक्रेश छोटे चाचा पप्पू कुमार हिमांशु को जेहन में कुरेद रहा था. बताया कि चाचा पप्पू कुमार हिमांशु सूद पर ब्याज लेन देन भी करता था. जिससे उसकी लाइनर मो बिक्कू से पहले से ही नजदीकी थी. मधेपुरा जिला के शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निशिहरपुर गांव निवासी मो रियाज एवं कुमारखंड थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी मो बिक्कू के बाद इस घटना में शामिल तीन अपराधियों में दो सुपौल जेल में बंद है. जबकि फरार एक और को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस कार्रवाई तेज कर दी है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि जेल में बंद दो अपराधी शंकरपुर थाना क्षेत्र के मो नौशाद और मो साबीर इस घटना को अंजाम देने के एक महीने बाद सुपौल कोर्ट से लौट रहे कोरियापट्टी पश्चिम पंचायत के खुंट गांव निवासी ललन साह पर पीपरा के समीप हमला किया था.थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस बहुत जल्द ही जेल में बंद मोहम्मद नोशाद एवं मोहम्मद साबिर इन दोनों अपराधियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी. बताया कि इस वारदात में संलिप्त अपराधियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है. थानाध्यक्ष ने कहा है कि इस घटना में जो भी लोग संलिप्त होंगे किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे, थानाध्यक्ष राजीव कुमार की इस कार्रवाई से इलाके में अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस की इस सफलता को क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है,जदिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार का सराहनीय कार्य ईमानदारी से चारों ओर जमकर प्रशंसा हो रही है,

## पीरपैंती: समाज सेवी डॉक्टर दीपक कुमार सुदूरवर्ती दियारा क्षेत्रों में लगाया कैंप



**लोकतंत्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रामनगर गोविंदपुर दियारा क्षेत्र में युवा राजद नेता व समाजसेवी डॉ दीपक के नेतृत्व में पांच सदस्यीय डॉक्टर की टीम ने मेडिकल कैंप लगाया। लगातार सुदूरवर्ती दियारा क्षेत्रों में पीड़ितों की सेवा कर रहे हैं।लगभग 800 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणव कुमार उर्फ पप्पू यादव रहे। इस मेडिकल कैंप में डॉक्टर दीपक से जांच कर कर जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणव कुमार उर्फ पप्पू यादव ने उन्हें लगातार उनके कार्यों को लेकर सराहना की।आम जनता लगातार सुबह से ही अपनी बारी का इंतजार कर रही थी।

डॉ दीपक ने बताया कि इस मेडिकल कैंप के माध्यम से लोगों की सेवा करना ही मेरा परम लक्ष्य है और स्वास्थ्य के मैं लोगों को पूर्ण जागरूक करना चाहता हूं।शुरुआती तौर पर अगर बिमारी का पता लग जाता है तो काफी आसानी से इलाज हो सकता है।आगे डॉ दीपक ने बताया कि अभी भी काफी संख्या में लोगों के स्वास्थ्य जांच की जरूरत है। डॉ अमित आनंद, डॉ सोनम, डॉ आलोक कुमार, डॉ शंकर इस टीम में मौजूद रहे। स्वास्थ्य जांच के उपरांत शुगर,बीपी, सर्दी,खांसी, बुखार,शरीर दर्द, ज्वाइंट पेन संबंधी दवाइयों का वितरण किया गया।आज का मेडिकल कैंप शाम 5 बजे तक चलता रहा।।इस मौके पर राजाराम यादव,शिवजी यादव,अभिनंदन यादव,मुखिया प्रतिनिधि कुंदन यादव,नीरज यादव,भोला यादव, सुनील मंडल,मो असगर,लालू सिंह,मुन्ना सिंह , परशुराम यादव,नीरज यादव,राकेश यादव मौजूद रहे। डॉ दीपक ने आगे भी लोगों क के सहयोग की बात कही। डॉक्टर दीपक ने बताया कि मानव सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया हु। लगातार सुदूरवर्ती दियारा क्षेत्रों में सार्वजनिक मेडिकल जांच कैंप और दवा का वितरण कर रहे हैं।

# डॉक्टर अनिल कुमार ने विज्ञान के क्षेत्रों में कई उपलब्धियां की हासिल

**लोक तंत्र की आवाज**

**प्रीतम पाण्डेय**



**साहिबगंज।** सिद्धों कान्हु मुर्मू यूनिवर्सिटी, दुमका के कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन से डॉ अनिल कुमार ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की है। साहिबगंज कॉलेज के पी.जी. डिपार्मेंट ऑफ केमेस्ट्री के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार को एडिटोरियल बोर्ड का मेंबर्स फॉर्मल इनसाइट जर्नल ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी करेंट ट्रेंड्स इन फार्मोकोलॉजी एंड क्लिनिकल ट्रायल्स से नवाजा गया ।

ज्ञात हो कि डॉक्टर अनिल कुमार इंटरनेशनल नेशनल जर्नल के लगभग 25 से ज्यादा इंटरनेशनल जनरल के एडिटोरियल बोर्ड एडवाइजरी बोर्ड रिव्यूवर बोर्ड में रिसर्च का कार्य करते आ रहे है । साहिबगंज कॉलेज के प्राचार्य एस. आर. रिज़्वी ने कहा कि डॉ. अनिल का लगाव रिसर्च एवं पढ़ाई के प्रति गहरा है और सदा नए आयाम के लिए तत्पर रहते है यह साहेबगंज कॉलेज एवं सिद्धों कान्हु मुर्मू यूनिवर्सिटी दुमका के लिए गर्व की बात है। डॉ कुमार यू. जी., पी. जी.के बच्चे को कॉन्फ्रेंस में ले जा कर उनके ज्ञान में वृद्धि, रिसर्च का माहौल दे कर सिद्धों कान्हु यूनिवर्सिटी एवं साहिबगंज कॉलेज का नाम रौशन करने का प्रयास करते आ रहे है।

वही कॉलेज के डॉ ध्रुवज्योति सिंह डॉ चंद्रशेखर डॉ संजीव डॉ राधा डॉ अवस्थी डॉ धर्मेंद्र आदि ने डॉ कुमार के कार्यों को उत्साहवर्धक बताया और कहा यह उपलब्धि उनके कड़ी मेहनत और सच्ची लगन का परिणाम है। ज्ञात हो डॉ अनिल ने लगभग 120 से ज्यादा शोध पत्र विभिन्न जर्नल एवं 70 से अधिक इंटरनेशनल/नेशनल कॉन्फ्रेंस/सेमिनार में अपना शोध पत्र प्रकाशित किया है । डॉ अनिल कुमार ने यू.जी., पी.जी. गेट / नेट / मेडिकल / इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए केमेस्ट्री के लिए लगभग 20 से ज्यादा बुक इंटरनेशनल पब्लिकेशन के साथ अपना बुक प्रकाशित किया है । डॉ अनिल अपने यूट्यूब चैनल Hotspot Chemistry by Anil Kumar के माध्यम से केमिस्ट्री बच्चों एवं साइंस फ़ेटरनिटी को अपने ज्ञान से लाभान्वित करते आ रहे है यू.जी., पी.जी. के छात्र ऐश्वर्या प्रकाश, देवव्रत, अभिषेक आनंद, ऋषभ राज, साक्षी, न्यासा, वंदना, अंकित आशीष आदि छात्रों में काफी उत्साह का माहौल है।

# सीनियर राष्ट्रीय महिला बॉल बैडमिंटन में बिहार को तीसरा स्थान मिला

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**

### प्रिया सिंह को 'स्टार प्लेयर ऑफ इंडिया अवार्ड'



**बिहपुर।** रायगढ़ ( महाराष्ट्र ) में संपन्न हुई 70वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में बिहार टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर के हवाले से राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव ने बताया कि चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में बिहार को चैंपियनशिप के उपविजेता तमिलनाडु से कड़े संघर्ष के बाद 27–35,30–35 से हार का सामना करना पड़ा।

प्रतियोगिता के मैचों में बिहार की ओर से प्रिया सिंह,वंदना कुमारी, युक्ता रानी,पूनम कुमारी, कविता कुमारी, सोनाली घोष, निधि कुमारी, अभिलाषा कुमारी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। लेकिन चैंपियनशिप के अंकों के आधार पर बिहार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। बिहार महिला टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाली कप्तान प्रिया सिंह को चैंपियनशिप का 'स्टार प्लेयर ऑफ इंडिया' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त करने वाली बिहार महिला बॉल बैडमिंटन टीम एवं प्रतियोगिता के 'स्टार प्लेयर ऑफ इंडिया' अवार्ड से पुरस्कृत होने वाली प्रिया सिंह व प्रशिक्षक विकास कुमार को बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष –सह– सदस्य,बिहार विधान परिषद प्रो.नवल किशोर यादव, संघ की उपाध्यक्ष प्रो.सुहेली मेहता, मिथिलेश कुमार मंडल,संघ के निदेशक पवन कुमार केजरीवाल, राज्य सचिव गौरी शंकर, राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार,संयुक्त सचिव मिताली मित्रा, रंजन कुमार गुप्ता,राकेश रंजन, अनामिका पासवान, पटना जिला सचिव डॉ.अरुण दयाल, सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक प्रकाश रंजन, तकनीकी चेयरमैन दीपक सिंह कश्यप, तकनीकी पदाधिकारी संतोष शर्मा, शारीरिक शिक्षा शिक्षक शिव नारायण पाल ने बधाई दी है। कांस्य पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षक व प्रबंधक को बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा शीघ्र सम्मानित किया जायेगा।

# कैप्टन कॉलिंग क्रिकेट टी-10 टूर्नामेंट का उद्घाटन अवनीश कुमार द्वारा किया गया

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**



**बिहपुर।** एक नए अंदाज़ में फटाफट क्रिकेट, खरीक,लत्तीपुर एवं गौरीपुर मैदान पर 29 दिसंबर, 2024 से ग्रामीण स्तरीय 48 टीमों का सबसे बड़ा क्रिकेट महासंग्राम कैप्टन कॉलिंग क्रिकेट टी–10 टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है,। पुरस्कारः प्रथम पुरस्कारः 31000/– रुपये और ट्रॉफी, दूतिय पुरस्कारः 21000/– रुपये और ट्रॉफी मुख्य अतिथि राजद नेता अवनीश कुमार एवं डाक्टर आलोक कुमार ने फिता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया ।

**आयोजकः** करता इक़बाल क़ासिम, सिंटू यादव, सूरज कुमार, दीपक कुमार, प्रवीण कुमार, कुंदन कुमार, रंजन कुमार, मिंटू अली, आजाद अंसारी एव तमाम ग्रामीण शामिल है उद्घाटन मैच वाई सी सी ख़रीक बनाम चापड़ के बीच खेला गया टॉस चापड़ ने जीता और पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया, निमंत्रण स्वीकार करते हुए निर्धारित दस ओवर में दो विकेट खोकर वाई सी सी टिम ने 232 रन बनाए जिस में वाई सी सी के बल्लेबाज़ भोपाली के शानदार नाबाद शतक 153 रनों की बदौलत और पुरुषोत्तम कुमार 40 रन बनाकर वाई सी सी को मज़बूत स्तिथि में पहुँचा दिया,

**चापड़ टिम के एक मात्र गेंदबाज़ असिक ने दो विकेट लिएः** जबाब में चापड़ की टिम 233 रनों का विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, सभी विकेट खोकर टोटल स्कोर 74 रन पे सिमट गई, जिस में वाई सी सी के गेंदबाज़ संतोष राणा ने शानदार 4 विकेट लिए, भोपाली 2 विकेट लिए। मैन आफ़ द मैच भोपाली 37 गेंदों में नाबाद 153 रन बनाए और दो विकेट चटकाए ! अंपायर की भूमिका इकवाल क़ासिम और संतोष कुमार ने दिया कॉमेंटेटर रवि यादव और गुड्डू दा ने किया स्कोरर गोरे कुमार ने किया

# योगीवीर स्पोर्ट एकेडमी का उदघाटन

**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**



**पीरपैंती।** योगीवीर स्पोर्ट एकेडमी योगीवीर कॉलोनी बाराहाट ईशीपुर का उद्घाटन अनेकों गणमान्य लोगों ने किया। अखिल भारतीय साहित्य संस्कृति संस्थान पिरोजपुर, बाराहाट,ईशीपुर के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणि सदस्यों को प्रमाण पत्र और अंगवस्त्र देकर किया गया सम्मानित। कार्यक्रम का शुभारंभ पीरपैंती प्रमुख रश्मि कुमारी,मेहरमा बीडीओ अभिनव कुङ्ग, मानष शिरोमणि नागेश्वर प्रसाद राम, सांसद पूर्व प्रत्याशी हरे राम निराला, डॉक्टर इंदु भूषण मिश्र देवेंदु, पूर्व मुखिया संजय साह ,डॉ दीपक, डॉ योगेश कौशल,बीके लीला दीदी, पंचायत समिति मंटू रजक,शोषित कुमार प्रोफेसर सुदामा महतो, वार्ड प्रतिनिधि बबलू साह, उपमुखिया बबलू शर्मा और स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आए अतिथियों पत्रकार और विद्वान साहित्यकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय खेल हॉकी के साथ–साथ क्रिकेट , एथलेटिक्स, तलवारबाजी, किकबॉक्सिंग, वॉलीबॉल कबड्डी और पुलिस या आर्मी के लिए शारीरिक प्रशिक्षण दी जाएगी। खेल के उद्घाटन में प्रमुख साहिबा रश्मि कुमारी ने कहा निजी खर्च से भी स्पोर्ट्स एकेडमी का खेल का सामान उपलब्ध करवाया जाएगा ,ताकि क्षेत्र के बच्चों को खेल के लिए जागरूकता मिल सके ।खिलाड़ी राज्य स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल सकें। खेल शिक्षक राहुल मिश्रा गुरुदेव साह, अभिनंदन यादव, चंदन मंडल ,चंदन राज, विकास यादव, अमरेंद्र तिवारी, सोमनाथ राजा, सुमन कुमार,सिकंदर पंडित ने आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया । सहयोग की बात कही। इसके अलावे छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थी।

# महदत्तपुर के चैती दुर्गा मंदिर मैदान में सब जुनियर लागोरी स्टेट चैम्पियनशिप तैयारी के लिए लगातार दुसरी बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**



- संपुर्ण बिहार के 32 टीम भाग लेंगे जिसमें लगभग 500 से अधिक खिलाड़ी का भाग लेने का अनुमान है

**बिहपुर।** नवगछिया क्षेत्र के खेल प्रेमी के लिए बड़े हर्ष की बात हैं कि अपने गाँव–घरो के पारंपरिक खेल लागोरी का स्टेट चैम्पियनशिप अपने नवगछिया की ऐतिहासिक महदत्तपुर के चैती दुर्गा मंदिर मैदान घरती पर होने जा रहा जिसमें संपुर्ण बिहार के 32 टीम भाग लेंगे जिसमें से लगभग 500 से अधिक खिलाड़ी का आगमन होने को हैं नवगछिया जिले मे जो कि नवगछिया क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात हैं।

नवगछिया लागोरी संघ अध्यक्ष अनुज चौरसिया ने बताया कि सभी खेल मे रुचि रखने वाले खेल प्रेमी से आग्रह हैं कि 17–19 जनवरी को अपना श्रमदान देकर खिलाड़ी को आगे बढाने मे मदद करे और इस ऐतिहासिक स्टेट चैम्पियनशिप के सफलता हेतु मार्गदर्शन क्षेत्र वासियों से आग्रह है।नवगछिया प्रखण्ड के पुर्व प्रमुख रामानंद सिंह ने कहा कि हम सभी ग्रामीण के सौभाग्य की बात हैं इस तरह की आयोजन होना। लागोरी स्टेट चैम्पियनशिप के सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए कार्यक्रम प्रमुख, कार्यक्रम संयोजक,कोष प्रमुख आदि विभिन्न विभागों का बंटवारा किया गया।

लागोरी संघ सचिव ने बताया कि इस रविवार को महदत्तपुर में होने वाले स्टेट चैम्पियनशिप के सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए लागोरी संघ पदाधिकारी, महदत्तपुर के सम्मानित जन एवंम महदत्तपुर चैती दुर्गा मेला समिति के साथ बैठक करेंगे और सबको इसमें जुड़कर श्रमदान देने के लिए आग्रह किया जाएगा। वही मौके पर अनुज चौरसिया, कन्हैया सर, रिचर्ड्स प्रभाकर, अर्जून सिंह, रामानंद सिंह,प्रकाश सिंह,राजन सिंह,अरविंद सिंह,नवीन उर्फ मंटू सिंह,रजनीकांत सिंह,विपिन सिंह,रवीन्द्र सिंह,रामोतार सिंह,उमेश सिंह,शिवशंकर मुनि, धर्मेंद्र , संतोष ,प्रेम प्रकाश, अन्य बैठक में रहे।

# सम्मान समारोह सह एसोशिएसन विस्तार का कार्यक्रम आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**



**जगदीशपुर/भोजपुर।** नगर में रविवार को जग नारायण एकेडमी में प्राइवेट स्कूल एसोशिएसन, भोजपुर का सम्मान समारोह सह एसोशिएसन विस्तार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता धनजी कुमार ने की और मंच संचालन नव नियुक्त प्रखंड सचिव राजेंद्र प्रसाद मौर्य ने किया।

जिला अध्यक्ष मिथिलेश रंजन, मुख्य संरक्षक धर्मेंद्र उपाध्याय, प्रशासनिक प्रबंधक शशिकला राय, मुख्य सलाहकार शिला पांडेय, उपाध्यक्ष अविनाश कुमार, सचिव सह प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार यादव सहित कई अन्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्व सम्मति से ब्रजकिशोर सिंह को प्रखंड अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। उपस्थित विद्यालय संचालकों और एसोसिएशन लीडर्स ने एसोशिएसन के कार्यों की सराहना की और एक स्वर में सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर सभी उपस्थित निदेशकों और पदाधिकारियों को अंगवस्त्र, मोमेंटो और पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मनोज कुमार सिंह ने विद्यालयों की समस्याओं और एसोशिएसन के गठन पर विस्तार से चर्चा की। जिला और प्रखंड ईकाई के अन्य वक्ताओं ने भी निजी विद्यालयों की समस्याओं के समाधान पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष मिथिलेश रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सबके सम्मान में प्रीति भोज का आयोजन किया गया। प्रखंड के उपाध्यक्ष परशुराम सिंह, दिनेश कुमार, सचिव राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, उपसचिव कमलेश चौधरी, प्रशासनिक प्रबंधक सौरव सिंह, उप कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, संयोजक नागेंद्र कुमार, प्रवक्ता मुन्नी लाल शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह और अजय कुमार सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी: खराब हो गया डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का हेलीकॉप्टर, सड़क मार्ग से वापस पटना जाना पड़ा



ब्यूरो चीफ मोतिहारी

मोतिहारी:: जिले में एक कार्यक्रम में पहुंचे बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का हेलिकॉप्टर अचानक से खराब हो गया है। काफी मशक्कत के बाद भी जब हेलिकॉप्टर ठीक नहीं हुआ तो मोतिहारी के जिला प्रशासन ने आनन–फानन में गाड़ी की व्यवस्था की। जिसके बाद सम्राट चौधरी सड़क मार्ग से पटना के लिए रवाना हो गए। दरअसल, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और मंत्री संतोष सिंह मंत्री कृष्णनंदन पासवान मंत्री केदार गुप्ता सहित भाजपा के कई विधायक ढाका में भाजपा विधायक पवन जयसवाल द्वारा आयोजित 151 कन्याओं के शादी उपरांत वर वधु को घरेलू संसाधन की सामग्री और 11 हजार रुपए के चेक वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन स्थित भेलवा हाईस्कूल स्कूल के फील्ड में पहुंचे थे। कार्यक्रम में अपना संबोधन खत्म करने के बाद जब दोनों मंत्री पटना रवाना होने के लिए हेलिकॉप्टर में सवार हुए, तो हेलिकॉप्टर ने जवाब दे दिया। पहले तो हेलिकॉप्टर को ठीक करने की कोशिश की गई, लेकिन जब वह ठीक नहीं हुआ तो डिप्टी सीएम और मंत्री सड़क मार्ग से पटना रवाना हो गए।

### वीणा मानवी ने मोतिहारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण महिला विकास मंच ने हेल्प लाइन नंबर जारी किया ?? 6209395095

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

मोतिहारी: महिला विकास मंच के संरक्षक वीणा मानवी ने मोतिहारी भवानीपुर जिरात स्थित महिला विकास मंच कार्यालय का किया औचक निरीक्षण। इस दौरान उन्होंने आवेदनों की स्थिति की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान वीणा मानवी ने बताया कि मोतिहारी महिला विकास मंच की काम सराहनीय है।अच्छी काम कर रही है और महिला विकास मंच द्वारा एक हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया गया है।इस मौके पर अध्यक्ष स्निग्ध स्मिता, उप अध्यक्ष ब्यूटी झा, श्वेता पाण्डेय, सुधीरा देवी, सिद्धार्थ गुप्ता, मीडिया प्रभारी मो.इमरान संग दर्जनों लोग मौजूद थे।

### पुलिस लाइन में अचानक बेहोश होकर गिरे सिपाही की इलाज के दौरान मौत



मुरारी झा

दरभंगा : लहेरियासराय थाना के डायल 112 पर तैनात एक सिपाही की मौत ड्यूटी के दौरान हो गई। घटना शनिवार की देर शाम की है। मृतक सिपाही की पहचान मुंगेर जिले के मुफस्सिलथाना क्षेत्र के टौफिर करारी टोला निवासी देवन यादव के पुत्र संजीव कुमार यादव (38) के रूप में हुई है।लहेरियासराय थाने की पुलिस ने आनन–फानन में डीएमसीएच में भर्ती कराया। जहां गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। जिसके बाद अल्लपट्टी के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंचे प्रभारी एसएसपी अशोक कुमार ने बताया कि स्वजन को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद आगे की प्रक्रिया निपटाई जाएगी ।एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि सिपाही 112 में लहेरियासराय थाने में प्रतिनियुक्त थे। ड्यूटी के बाद पुलिस लाइन में अपने अन्य साथियों के वॉली बॉल खेलने आये। इसी दौरान वे मैदान में खड़े–खड़े ही अचानक गिरकर बेहोश हो गए। अस्पताल पहुंचाने के दौरान उनकी मौत हृदय गति रुक जाने की वजह से हो गया ।

# मुख्य अतिथि रहे मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा के द्वारा फीता काटकर किया गया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**महासचिव डॉ अभिषेक मिश्रा जिन्होंने फीता काटकर उद्घाटन किया**



लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

**पतिलार ।** पंचायत मे पतिलार के श्री हरिहर हाई स्कूल के प्रांगण में क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया है। क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरे दिन पतिलार टीम बनाम शेरा बाजार के बीच मैच को खेला गया इस मैच के मुख्य अतिथि रहे मुखिया प्रतिनिधि सह जनता दल यूनाइटेड के किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ अभिषेक मिश्रा जिन्होंने फीता काटकर उद्घाटन किया साथ ही सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की उसके बाद सिक्के को उछाला गया पतिलार टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया यह मैच 16 – 16 ओवर का हुआ जिसमें पतिलार टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 185 रन का बड़ा स्कोर शेरा बाजार टीम के सामने खड़ा कर दिया उसके बाद शेरा बाजार की टीम बल्लेबाजी करने के लिए उतरी शेरा बाजार के टीम की ओर से सोनू ने लगातार पांच बॉल पर पांच छक्के मारे बता दें कि खबर लिखे जाने तक शेरा बाजार की टीम को 18 बॉल में 65 रन की जरूरत थी। डॉक्टर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि आज के समय में शिक्षा के साथ खेल का भी होना आवश्यक है अभी के समय में सरकार भी खेल जगत पर विशेष ध्यान दे रही है और जो बच्चे खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को बिखेर रहे हैं उनको बेहतर नौकरी और सम्मान दोनों मिल रही है सरकार तो मेडल लाओ और नौकरी पाओ जैसी योजनाएं भी चला रही है बेहतर जीवन के लिए जितनी आवश्यकता शिक्षा की है उतनी ही आवश्यकता खेल और कूद का भी है क्योंकि शिक्षा से मन का विकास होता है और खेलकूद से तन का विकास होता है और जब मन और तन दोनों स्वस्थ रहते हैं तो कोई भी उपलब्धियां को हासिल करने में किसी तरह की कोई कठिनाइयां नहीं रहती है हमारे सभी खिलाड़ी खेल में बेहतर प्रदर्शन करें और उनको जो भी आवश्यकता है उसको पूर्ण करने की पूरी कोशिश की जाएगी' उन्होंने आयोजन कमेटी को प्रोत्साहन राशि दी और बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को भी सम्मानित करने की बात कही क्रिकेट टीम की आयोजन करता में अभिषेक गुप्ता , ओम प्रकाश यादव , सतीश यादव नोखे लाल यादव , अजय कुमार, देवानंद यादव सहित पूरी टीम और दर्शकों की भारी भीड़ रही।

## भूमि विवाद में घर में घुसकर मारपीट और तोड़ फोड़, प्राथमिकी दर्ज



लोकतंत्र कि आवाज

मुरारी झा

**घनश्यामपुर ।** थाना क्षेत्र के मोसवासी गांव में शनिवार की दोपहर पुराने भूमि विवाद के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर तोड़ फोड़ कर दी। मोसवासी गांव निवासी सुधीर मुखिया और शंभू मुखिया के बीच छः महीना पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा था। जिसके बाद अंचल प्रशासन के द्वारा जमीन का नापी किया गया था। वही सुधीर मुखिया अपने जमीन पर एक पन्नी ( पॉलिथीन ) टांगकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे थे। शनिवार की दोपहर पॉलिथीन हटाकर एस्बेस्टस डालने का काम चल रहा था। अचानक शंभु मुखिया ने एस्बेस्टस को लाठी डंडा से तोड़ फोर करना शुरू कर दिया। दुसरे पक्ष के लोगो का कहना है कि हमलावर घर के अन्दर रखा हुआ सारा समान भी लेकर चला गया। सुधीर मुखिया के पुत्र मंजय मुखिया को शंभू मुखिया ने उठाकर अपने घर में लेजाकर खुब पीटाई की। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची घनश्यामपुर थाना की पुलिस ने शंभु मुखिया के घर से मंजय मुखिया को मुक्त कराया है । संबंध में पीड़ति रीता देवी ने घनश्यामपुर थाना में एक नामजद व पांच अज्ञात लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई है आगे उन्होंने दिए गए आवेदन में कहा है कि खाने के वास्ते भी कुछ नहीं बचा है जिससे मेरा परिवार जीवन यापन कर सके ।इस संबद्ध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## शिविर लगाकर श्रमिकों का किया गया निबंधन



लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

**बेतिया ।** बगहा अनुमंडल के अन्तर्गत भितहा प्रखंड परिसर में श्रम संसाधन विभाग के बिहार भवन एवं सननिमाण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत मनरेगा एवं अन्य श्रमिकों का निबंधन के लिए शिविर का आयोजन भितहा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी किशुन देव साह द्वारा मेगा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 450 से अधिक आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 50 आवेदक का ऑन द स्पॉट निबंधन किया गया मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, गौनाहा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नीलम आकाश मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी अनिल कुमार एवं सवेरा संस्था के प्रशिक्षण कर्ता ओम प्रकाश मौजूद रहे

## सात निश्चय के तहत फाइनेंसियल एकाउंटिंग कोर्स का हुआ शुभआरंभ



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**चंपारण ।** के छात्र निःशुल्क कर सकेंगे फाइनेंसियल एकाउंटिंग कोर्स बगहा। प्रखंड बगहा एक के छोटकी पट्टी, बड़गांव चौक पर बिहार सरकार के सात निश्चय के तहत फाइनेंसियल एकाउंटिंग कोर्स का उद्घाटन जिला नियोजन पदाधिकारी, पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह ,समाज सेवी तपनारायन यादव एवम तुषार सिंह ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया। जिला नियोजन पदाधिकारी मुकुल माधव ने इस कोर्स को पूरे मनोयग से बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया और संस्था के निदेशक को इस कोर्स को उद्घाटन के लिए बधाई दिया।बगहा के पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह ने बिहार सरकार के प्रति ऐसे कोर्स को उपलब्ध कराने के लिए आभार प्रगट किया। समाजसेवी तपनारायन यादव एवं समाज सेवी तुषार सिंह ने बच्चों को मन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया और इस के द्वारा भविष्य बनाने पर बल दिया।संस्था के निदेशक बैजनाथ कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र के बच्चे पहले 'ट्स्त्र कोर्स से भविष्य बनाते थे अब टैली कोर्स आ जाने से एकाउंटिंग के क्षेत्र में भी छात्र कैरियर बना सकेंगे। मंच संचालन गुलसन कुमार ने किया। आगत मुख्य एवम विशिष्ट अतिथियों को नवीन कुमार, रंजीत मिश्रा, विकाश कुमार, उजाला और दिलीप कुमार ने माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह दे कर अभिनंदन किया। अतिथियों का स्वागत गान से रीता, निर्मल, ललिता अंजलि ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम में करीब 300 बच्चों को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए। प्राचार्य मेनजर कुमार ,शिक्षक राकेश जायसवाल, दीपक कुमार, गिरीश कुमार, मिथिलेस कुमार इत्यादि उपस्थित थे। शिक्षकों के अलावे बगहा थाना से आये सब इंसपेक्टर, लालन यादव, रंजीत कुमार उपस्थित थे।

## विद्युत विभाग के लापरवाही के खिलाफ लोगों ने जताया विरोध



लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

**बेतिया ।** नगर के वार्ड 37 वरवत परसाईन में जहां घरदान पोखरा छठिया घाट के बिचो बिच विद्युत विभाग द्वारा रातो रात विद्युत पोल गाड़ने एवं आशेश्वर प्रसाद के घर के पास टूटे विद्युत पोल नहीं बदलने को लेकर आम लोगों में आक्रेश बढ़ गया है जहां रविवार को वार्ड पार्षद शैलेश कुशवाहा के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने घरदान पोखरा के पास विद्युत विभाग के खिलाफ नरबाजी करते हुए विरोध जताया इस संबंध में वार्ड पार्षद शैलेश कुशवाहा, कमलेश प्रसाद, प्रमोद प्रसाद लाल बाबू प्रसाद विजय कुमार शशि रंजन पटेल आदि का कहना था कि घरदान पोखरा छठिया घाट पर जहां छठ पूजा की जाती है और साथ ही साथ ऐतिहासिक कंस मेला का आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है ऐसे में वहां से बीचों–बीच विद्युत पोल गड़े जाने से जहां भविष्य में व्रत के दौरान पंडाल बनाने में दिक्कत होगी वहीं छठ पूजा करने वाली महिला श्रद्धालुओं को खतरा होने कि संभावना है ऐसी हालत में पूजा स्थल से अलग हटा कर विद्युत पोल गाड़ने कि मांग कर रहे थे तो जहां असेर प्रसाद के के घर के पास टुटे विधुत पोल नहीं बदलने जाने से कभी भी पोल टुट कर गिरने कि संभावना है इस बात को लेकर वार्ड पार्षद द्वारा विद्युत विभाग को सूचना भी दी गई परंतु इस पर कार्यवाही नहीं होने के कारण लोगों का गुस्सा भड़क चला है वहीं इस संबंध में विस्तृत विभाग के अधिकारी का कहना है कि लिखित शिकायत नहीं मिली है फिर भी आम जनता कि समस्या का निदान जल्दी ही करा दिया जाएगा।

## गौनाहा : अचानक लगी आग से हरदी गांव में पांच पुआल के पुंज जल कर राख



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा।** मटियरिया थाना क्षेत्र के हरदी बेलाहवा गांव में दुर्गा मंदिर के पास दिन के करीब 2:00 बजे अचानक लगी आग से पांच पुआल के पुंज जलकर राख हो गया है। प्राप्त सुचना अनुसार गांव के पश्चिम दिशा में दुर्गा स्थान स्थित रामायण महतो, किशोरी महतो, अखिलेश यादव, काशी यादव के खलिहान में मवेशियों के चारा के लिए धान का पावल रखा हुआ था। जहां अचानक से आज के लपटे दिखाई दिए आसपास के लोगों ने दौड़कर आग को बुझाने लगे लेकिन आग का विकराल रूप देखते हुए ग्रामीणों ने स्थानीय थाना अग्निशमन दस्ता व जिला अग्निशमन नियंत्रण दस्ता को सूचित किया। जिस पर प्रशासन द्वारा तिवृत्त कार्रवाई करते हुए गौनाहा थाना, मटियरिया थाना तथा जिला अग्निशमन दस्ता को मौके पर रवाना कर दिया। जिससे अग्निशमन दस्ता व ग्रामीणों की सहयोग से काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिससे आसपास के घर तथा बाकी सामान जलने से बचाया जा सका। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है वैसे कुछ लोग कयास लग रहे हैं कि बगल में पड़े राख के ढेर पर किसी ने गर्म रखा फेंक दिया है जिसके कारण आग लग गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग को बुझाने में स्थानीय ग्रामीण व अग्निशमन दस्ता का सराहनीय सहयोग रहा है। वैसे अब तक प्राप्त सुचना अनुसार किसी प्रकार के जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ पूर्वी चंपारण का दो दिवसीय अनशन का समापन



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**मोतिहारी ।** में कामरेड विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता सिकटा विधायक सह केन्द्रीय कमेटी सदस्य भाकपा माले राजद विधायक शमीम अहमद और कार्यपालक दंडाधिकारी ने अनशनकारी को जूस पिलाकर अनशन का समापन कराया। महासंघ एवं ऐक्टू नेता अनुराग कुमार, मजिस्टर मांझी, धर्मवीर चौधरी, संजय कुमार एवं दिनेश प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि अकारण हटाए गए जीविका कैडरों को वापस नहीं किया गया तो ऐक्टु/महासंघ गोपगुट इस आन्दोलन के साथ एकजुटता प्रदर्शन करेगा। संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव सुनील जायसवाल एवं रिंकू देवी ने संयुक्त रुप से कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर सेवामुक्त कैडरों को सेवा में नहीं लिया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। अनशन में शामिल बिंदू तिवारी रुबी तिवारी, भीम कुमार, भूषण कुमार, नवीन भास्कर गुप्ता, शमशाद आलम, रामेश्वर राम, राधा कुमारी, रिंकी कुमारी, नीरज कुमारी, रेखा कुमारी, नंदकिशोर पंडित, संतोष पटेल, संजय गिरी, सरस्वती देवी, आर के विनोद, शिवनाथ राम, आदि शामिल रहें। रजनीश कुमार सिंह अध्यक्ष, बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ ऐक्टू पूर्वी चंपारण द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

## बेतिया:पोर्टल का नाटक बंद करने और भुगतान का प्रबंध करने की मांग




लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

**बेतिया।** सहारा भुगतान संघर्ष मोर्चा का 5 जनवरी को आई.एम.ए. हॉल पटना में आयोजित राज्य सम्मेलन की तैयारी को लेकर आईटीआई मुहल्ला में चनपटिया से जमाकर्ता और सहारा कार्यकर्ता महम्द नसीम अहमद की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक को सम्बोधित करते हुए नसीम अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार देश के 13 करोड़ निवेशकों व 12 लाख सहारा कार्यकर्ताओं को सरकार–सेबी–सुप्रिम कोर्ट व सहारा दया का पात्र बना कर खैरात स्वरूप कुछ देने का नाटक सहारा रिफंड पोर्टल के जरिए कर रही है। संसद में खड़े होकर वित्तमंत्री ये दिखाने का ढ़ोंग कर रही हैं कि बस निवेशक अपना कागज दे और सरकार पैसा लेकर बैठी है है। देने को। सहारा श्री की रहस्यमयी मौत के बाद उस कंपनी के कौन उत्तराधिकारी है ये अब तक कुछ साफ नहीं हुआ। देश के सबसे कमजोर निवेशकों के करोड़ों रूपये की यह एक ऐसी आंखों देखी लूट है जिसमें निवेशक बारी–बारी से मरते रहे और कंपनी के मालिक हजारो करोड़ की शादी करते रहे। जिसमें क्या राजनेता, क्या नौकरशाह, क्या न्यायपालिका के लोग, क्या बॉलीवुड सबके सब गरीब निवेशकों के पैसों के कालिन पर थिरकते नजर आये। बेतिया से सहारा कार्यकर्ता ठाकुर राऊत ने कहा कि सरकार के उदासीनता के कारण अबतक 5 हजार से ज्यादा निवेशक व कार्यकर्ता पैसे का इंतजार करते–करते मर गए लेकिन देश के सत्ता में बैठी सरकारों को इन मौतों पर भी रहम नहीं आया।सहारा कार्यकर्ता मोहन महतों ने कहा कि सहारा श्री सुब्रत राय ने जिस सहारा परिवार के तिलस्म को रचा उसमें देश के 14 लाख सहारा कार्यकर्ता के परिवार अपनी बर्बादी की तरफ हंसते हुए उस तिलस्म में फंस गये। कंपनी की बुनियाद ही फ्रॉड करना था और वो 50 साल आगे की प्लानिंग के साथ आगे बढ़ रही थी। एमबागी की बात कह कंपनी ने 12 साल अपने ही सहारा परिवार के कार्यकर्ताओं के आंखों में धूल झोंकने का काम करती रही।उपस्थित सभी सहारा कार्यकर्ता और जमाकर्ताओं ने कहा कि हमें हर हाल में अपने गाढ़ी मेहतन की कमाई को वापस लेने के लिए लड़ना ही होगा और इसी लड़ाई को पूरे बिहार स्तर पर संगठित करने के लिए हमने पटना में सहारा भुगतान सम्मेलन का आयोजन किया है। इस आयोजन की सफलता आप निवेशक व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के लिए आह्वान किया और कहा कि 5 जनवरी 2025 को पूरा पटना सहारा के निवेशकों व कार्यकर्ताओं से पाट देगें । इस मौका पर मझौलिया से राजकुमार राय, राकेश पाण्डेय, बेतिया से साहेब खांन, शशि रंजन पटेल आदि लोगों ने भी बैठक को सम्बोधित किया। सुनील यादव

## संक्षिप्त खबरें ।

### विधायक ई शैलेंद्र ने राजद नेता से पूछा सवाल



मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर,,,, भाजपा बिहपुर विधायक ई कुमार शैलेंद्र के बयानों पर हाय तौबा मचाने वाले से पूछना चाहा है कि बंगला देश में हिंदुओं के साथ बर्बरता किया जा रहा है,इस पर एक भी बयान क्यों नहीं राजद के नेताओं का क्यों विधायक ई कुमार शैलेंद्र ने ठीक ही कहा है राजद के लोग सनातन संस्कृति को कमजोर करने की लगातार कोशिश रही है।तुष्टिकरण की राजनीत करने वाले राजद के लोग हिंदुओं को चुनौती न दे,आनेवाले समय में हिंदू तैयार है। राजद को सबक सिखाने के लिए । यह जानकारी प्रेस रिलीज जारी करके प्रो गौतम कुमार भाजपा मुख्य प्रवक्ता नवगछिया ने दिया।

### दो शराबी सहित एक वारंटी को भेजा जेल



दिलीपकुमार ठाकुर। वारिसनगर/समस्तीपुर। मथुरापुर थाना पुलिस के एसआई सुप्रिया आर्य द्वारा मिली सूचना पर शराब पिय्यकर साकेत कुमार पेसर अशोक कुमार महतो एवं बबलू शर्मा पेसर बिशेश्वर शर्मा दोनों साकिन चारो वारिसनगर को चारो से एवं वारंटी मो मुन्नीस पेसर इसराइल साकिन नूरगंज थाना मथुरापुर तीनो जिला समस्तीपुर को घर से गिरफ्त मे लेते हुए न्यायिक हिरासत वास्ते भेजा गया की पुस्टि थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने की है।

### अवैध बालू उत्खनन मामले में एक ट्रैक्टर जब्त,एक गिरफ्तार



राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। थाना क्षेत्र में अवैध बालू उत्तखन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने जब्त किया।साथ ही ट्रैक्टर मालिक को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के धनार्जय नदी से अवैध बालू उत्खनन कर सरकार के राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही थी।सूचना के आलोक में छापेमारी की गई।इस दौरान बालू लदे एक ट्रैक्टर को खदेड़कर जब्त किया गया।थानाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में ट्रैक्टर मालिक को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार युवक की पहचान हरदिया गांव निवासी संजय प्रसाद यादव के पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। जब्त ट्रैक्टर एवं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के धारा 303(2) व 317(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# यह हमारा कर्तव्य है कि सर्दियों में सफाईकर्मियों को आरामदायक और उपयुक्त ड्रेस मुहैया कराएं

## प्रथम फेज में 1100 सफाई कर्मियों को उक्त ड्रेस दिया जा रहा है



लोकतंत्र की आवाज़

**गया ।** गया नगर निगम के सभाकक्ष में महापौर विरेन्द्र कुमार, नगर आयुक्त एवं सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों मोहन श्रीवास्तव की उपस्थिति में गया नगर निगम के सफाईकर्मियों को शीतकालीन ट्रैक सूट और गर्मी के लिए ड्रेस वितरित किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य सर्दियों के दौरान सफाईकर्मियों की सुविधा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। प्रथम फेज में 1100 सफाई कर्मियों को उक्त ड्रेस दिया जा रहा है। इस वितरण कार्यक्रम का साफ–सुथरा हो गया अभियान के तहत शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि ₹सफाईकर्मी हमारे शहर के स्वच्छता योद्धा हैं। उनका काम न केवल सराहनीय है, बल्कि हमारे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। गया नगर निगम उनका ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है।नगर आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा, ₹यह हमारा कर्तव्य है कि सर्दियों में सफाईकर्मियों को आरामदायक और उपयुक्त ड्रेस मुहैया कराएं। सफाईकर्मी निगम के धरातल पर रीढ़ है जो घर घर जाकर एवं पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करते हैं। जहां घर वाले लापरवाह होते हैं, और इधर उधर कचड़ा फैला देते हैं, उन सभी जगहों से सफाई कर्मी ही कड़ी परिश्रम करते हुए, ये सुनिश्चित करते हैं कि सफाई व्यवस्था पूरे शहर में सुनिश्चित रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम भी तत्पर है कि सफाई कर्मी को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो।नगर आयुक्त द्वारा अभियान लगाते हुए वैसे सभी लंबित निगम के कर्मियों के सेवांत लाभ जो लगभग चार पांच वर्ष से लंबित थे का निष्पादन किया गया और निरन्तर किया जा रहा है। इसी कार्य प्रणाली को आगे बढ़ाते हुए, अब निगम के सफाई कर्मियों को ट्रैक सूट एवं ड्रेस दिया जा रहा है।इस वितरण कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया गया और साफ सुथरा हो गया अभियान को एक पहल दी गई है। इस दौरान गया नगर निगम ने सैकड़ों सफाईकर्मियों को विशेष शीतकालीन ट्रैक सूट और ड्रेस वार्ड वार प्रदान किया जाएगा। इस पहल को सभी ने सराहा और इसे सफाईकर्मियों के लिए अत्यधिक लाभदायक बताया है।इस आयोजन में गया नगर निगम के अधिकारीगण, महापौर एवं जनप्रतिनिधि और सफाईकर्मी उपस्थित रहे। निगम ने यह भी आश्वासन दिया कि सफाईकर्मियों के हितों और भलाई के लिए भविष्य में भी ऐसे कदम उठाए जाएंगे।नगर आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि निगम तत्पर है और सफाई कर्मियों पर ध्यान दे रहे हैं, तो सफाई कर्मियों को भी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना अपेक्षित है। कई जगहों से गंदगी की शिकायत आती है। जिसकी जवाबदेही उस वार्ड के सफाई कर्मी एवं जमादार की है। साफ सुथरा हो गया अभियान के अंतर्गत वैसे सभी सफाईकर्मी जो अच्छे से अपने कर्तव्य का सही से निर्वहन करेंगे उन सभी को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## 2025 में बहुमत के साथ आरजेडी की सरकार, एनडीए की विदाई तयः राजीव रंजन



लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर/ भोजपुर ।** पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा किए गए घोषणा में माई बहिन मान योजना से बिहार के महिलाएं सशक्त और मजबूत होगी। ये बाते जगदीशपुर राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकु भैया ने के पत्रकार से बातचीत के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि 2025 में राजद के सरकार और बिहार के मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव बनेंगे तो ?2500 महिलाओं को मिलेगा। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत आने वाले पेंशनधारियों को ?400 से बढ़कर 1500 रुपए हर मंथ दिया जाएगा। जबकि 200 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। 2025 में बहुमत के साथ आरजेडी की सरकार, एनडीए की विदाई तय उन्होंने कहा कि जिस तरीके से तेजस्वी प्रसाद यादव 17 माह के अपने कार्यकाल में काम किए थे इससे बिहार की जनता तेजस्वी के साथ है। उन्होंने कहा कि 2025 में बिहार की जनता तेजस्वी को कम बनाने का काम करेंगे। वही उन्होंने बताया कि हम क्षेत्र में जब भी निकल रहे हैं हम लोगों से तेजस्वी प्रसाद यादव के किए गए घोषणा और उनके कार्यों को जनता को बता रहे हैं तो जनता तेजस्वी को सीएम बनाने के लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि बिहार में कोई कार्य नहीं हो रहा है। सिर्फ बयान बाजी के अलावा। बीपीएससी अभ्यर्थियों को सरकार पिटवा रही है। लोगों कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

## नियुक्ति पत्र पाते ही चेहरे पर दिखीं खुशी



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावां।** रविवार को इंटर विद्यालय पकरीबरावां में नियोजित से विशिष्ट शिक्षक बने शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र, विद्यालय पदस्थापना पत्र एवं योगदान पत्र दिया गया है। विशिष्ट शिक्षक अपने ही विद्यालय में 1 जनवरी से 7 जनवरी के बीच योगदान करेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण कार्य में शिक्षा के प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक रितेश कुमार, बीआरपी किशोरी शरण वर्मा, सुंदर प्रसाद यादव, बीआरपी विकास कुमार, बीआरसी के कर्मी राजकुमार सिंह, शिक्षक विद्याभूषण दिनकर, सुबोध कुमार, सरोज कुमार सहित अन्य लगे हुए थे। नियुक्ति पत्र पाते ही शिक्षकों के चेहरे पर खुशी दिखीं। नियोजित शिक्षकों ने कहा कि उन्हें वर्षों बाद राज्यकर्मी का दर्जा मिला है। शिक्षकों ने यह भी मांग की उन्हें सेवा निरंतरता का लाभ मिले। इस अवसर पर पंचम कुमाए, रमेश कुमार, शंभु कुमार, सूर्यदेव प्रसाद यादव, राजीव कुमार, रविरंजन कुमार, विनोद कुमार, सीमा कुमारी, खुशबू रानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला में रातभर झूमे श्रोता दुगोला व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ता है आपसी भाईचाराः नपं अध्यक्ष संतोष कुमार यादव



लोकतंत्र की आवाज

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड के बलुआही में शनिवार की रात दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक राम विशुन सिंह लोहिया व चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और अतिथियों को पैक्स अध्यक्ष अमित यादव ने अंग वस्त्र देकर और फूल मालाओं से सम्मानित किया। कार्यक्रम में दुगोला गायक रमाशंकर सिंह और गुड्डू हलचल ने अपनी बेहतरीन जुगलबंदी और गायकी के माध्यम से श्रोताओं को आनंदित किया। श्रोताओं ने भी खूब आनंद उठाया। नगर अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा कि दुगोला व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ता है आपसी भाईचारा और गांव में इसी तरह का कार्यक्रम गांव में होते रहना चाहिए। रमाशंकर सिंह और गुड्डू हलचल ने अपनी गीतों से ग्रामीणों को खूब झुमाया। कार्यक्रम बलुआही गांव के निवासी स्वर्गीय मधु मंगल सिंह के श्रद्धांजलि समारोह की उपलक्ष में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन रितिक रौशन सिंह ने किया। अतिथि के रूप में पैक्स अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे, सरोज यादव, सत्येंद्र यादव, सुनील सिंह, दिनेश यादव, हिमांशु कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। आयोजनकर्ता रंगलाल सिंह द्वारा सभी को स्वागत और सम्मानित किया गया।

## भाजपा विधायक व जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



लोकतंत्र की आज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** भाजपा विधायक राम सिंह व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नाथ तिवारी और स्थानीय कार्यकर्ता एवं जनता साथ बगहा नगर के बूथ सं–67 पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 117 वें मन की बात को सुना। बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 117 वें मन की बात है। जिसमें स्थानीय विधायक राम सिंह व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नाथ तिवारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता एवं आम जनता के साथ नगर मंडल के बूथ सं–67 पर सुना। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ के साथ साथ महाकुम्भ में सरकार द्वारा किये गए समुचित व्यवस्था को भी बताया। साथ हीं सबसे प्राचीन भाषा तमिल भाषा के बारे में भी जानकारी सहित अन्य विषयों पर भी विशेष रूप से चर्चा किये। स्थानीय विधायक राम सिंह ने कहा कि मन की बात सुनने के लिए कार्यक्रम में लोगों की भीड़ प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को दर्शाता हैं। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात राजनीति से अलग एवं उचित विषयों पर आधारित होता है, कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों का चर्चा उन्हें प्रोत्साहित करता है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रितु जयसवाल, जिला महामंत्री अचिंत्य कुमार लल्ला , सुजीत चौरसिया, प्रमोद राम, अमित पांडेय, नगर मंडल अध्यक्ष राजन गुप्ता, समेत अन्य कार्यकर्ता एवं आम जनता मौजूद रहे।

## पकरीबरावांः नेहरूयुवा केंद्र द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत इंटर विद्यालय ढोढ़ा के खेल मैदान में रविवार को प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र नवादा के तत्वाधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आजाद हिंद युवा क्लब की देखरेख में कराया गया, जिसमें विभिन्न खेलों में पकरीबरावां, काशीचक, कौवाकोल एवं वारिसलीगंज के दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया।प्रतिभागियों के बीच 400 मीटर रिले दौड़, कबड्डी, फुटबॉल एवं बैडमिंटन आदि प्रतियोगिता कराए गए। खेल शिक्षक रामप्रवेश कुमार एवं रामलखन कुमार की देखरेख में सभी प्रतियोगिता कराए गए।इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव, पूर्व मुखिया डॉ. अरुण, समाजसेवी देवेंद्र पंडित आदि ने फीता काटकर किया। मौके पर थानाध्यक्ष ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, अपितु बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। उन्होंने आयोजक मंडली को भी आयोजन के लिए धन्यवाद कहा। मुखिया प्रतिनिधि एवं पूर्व मुखिया ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के अंत में सफल प्रतिभागियों को आयोजक मंडली द्वारा पुरस्कृत किया गया।आयोजक ने बताया कि पुरुष वर्ग के 400 मीटर रिले दौड़ में सूरज कुमार प्रथम, नवल कुमार द्वितीय एवं संजीत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग के दौड़ में निशु कुमारी प्रथम, अंजली कुमारी द्वितीय एवं शिखा कुमारी तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग के बैडमिंटन में छोटू कुमार प्रथम, गौरव कुमार द्वितीय एवं विशाल कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किए। फुटबॉल मैच में जूनियर स्पोर्टिंग क्लब पकरीबरावां ने आजाद हिंद युवा क्लब ढोढ़ा को 3–0 हराकर विजेता बनीं। विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल एवं स्पोर्ट्स किट देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों को भी आयोजक द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष मनोज यादव, कुंदन कुमार, बिंदेश्वर यादव, बिपिन कुमार, सूर्यदेव प्रसाद यादव, दिलीप कुमार आदि थे।

## सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण 390 शिक्षक–शिक्षिकाओं को दिया गया औपबंधिक नियुक्ति पत्र



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित इंटर विद्यालय के प्रांगण में बने बाबूलाल भवन में रविवार को बीईओ ए.वर्षा ने सक्षमता में उत्तीर्ण 390 शिक्षक–शिक्षिकाओं के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र,योगदान पत्र एवं पदस्थापन पत्र प्रदान किया।इस दौरान डीआरपी अवधेश कुमार,डीपीएम राकेश कुमार,बीआरपी रविकांत कुमार एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर मनीष कुमार मौजूद रहे।पूरे दिन नियुक्ति पत्र लेने के लिए शिक्षकों की भीड़ लगी रही।कई शिक्षक नियुक्ति पत्र लेने के बाद खुश दिखे, तो कुछ लोगों के चेहरे पर मायूसी थी।वहीं दूसरे जिले के शिक्षकों को उम्मीद थी कि उनका योगदान गृह जिला या प्रखंड में होगा।इधर जिस विद्यालय में वे कार्यरत हैं उसी विद्यालय में फिलहाल योगदान देना है।वहीं स्थानीय शिक्षकों में खुशी देखी गई।दूर के शिक्षकों के चेहरे मुरझाए नजर आए।बीईओ वर्षा ने बताया कि औपबंधिक नियुक्ति पत्र लेने में बाद नियोजित शिक्षक विशिष्ट शिक्षक के रूप के अपने विद्यालय में योगदान देंगे।

## डॉक्टर मनमोहन सिंह का निधन भारतीय सकारात्मक राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति... एपी पाठक



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**
भारत सरकार में वरिष्ठ अधिकारी रह देश और उस पद को सुशोभित करनेवाले तथा बाबु धाम ट्रस्ट के संस्थापक एपी पाठक ने देश के पुर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त किया है।उन्होंने मिडिया से बातचीत में बताया कि भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ मनमोहन सिंह जी साधारण पृष्ठभूमि से उठकर एक अर्थशास्त्री बने।एपी पाठक ने मनमोहन सिंह जी के बारे में कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी वर्षों तक आर्थिक नीति पर अपना छाप छोड़ा।वित्तमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने शासन व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एपी पाठक ने देश के पुर्व प्रधानमंत्री के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए उनको विनम्र श्रृद्धांजलि दिया।एपी पाठक ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह असीम बुद्धिमता और लगन के साथ भारत का नेतृत्व किया।एपी पाठक ने आगे कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी द्वारा शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में सहजता और सम्मान के साथ काम किया।उन्होंने देश की प्रतिभा को अवसर दिया जिससे उनकी कृति हमें गौरवांवित करती है।आप ज्ञात हो कि एपी पाठक जी अपने सेवा काल में देश लोकसभा अध्यक्षा मीरा कुमार के ओएसडी रहते हुए कई दफा सरकारी कार्यक्रमों में अध्यक्षा के साथ डॉ मनमोहन सिंह जी से हल्की बातचीत और उनको सुनने और समझने का मौका मिला।कई दफ़ा एपी पाठक जी को यह अनुभूति हुई कि विनम्र स्वभाव के धनी और योग्य पुरुष डॉ मनमोहन सिंह जी बड़े ही सरल, सौम्य और कर्तव्यनिष्ठ थे। अंत में एपी पाठक ने मिडिया को बताया कि देश के पुर्व प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह जी से देश और युवाओं को सिख लेनी चाहिए तथा अपने कर्तव्य को लक्ष्य मानकर करते रहना चाहिए तभी उनकी सच्ची श्रृद्धांजलि होगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उदाकिशुनगंज के ग्राम पंचायत मजौरा में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता अभियान, न्याय मित्र मणिंद्र कुमार सिन्हा ने दी कानूनी जानकारी



लोक तंत्र कीआवाज

उदाकिशुनगंज। भारत सरकार द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता अभियान (लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम) का आयोजन उदाकिशुनगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत मजौरा के गोनर पासवान के आवास पर किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध न्याय मित्र एवं अधिवक्ता मनिन्द्र कुमार सिन्हा ने की।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों और विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करना था। इस मौके पर मुखिया उषा देवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। अधिवक्ता मनिन्द्र कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में नशा मुक्ति, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, बाल मजदूरी, मानव तस्करी और साइबर क्राइम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे कानून के माध्यम से इन मुद्दों से निपटा जा सकता है और ग्रामीणों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में सरपंच देवेंद्र कुमार, संजय कुमार मेहरा, चंद किशोर शाह, फूलो मंडल, भजन राम, संजय मेहरा, शत्रुघ्न मेहता सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम को सराहा और इसे ग्रामीण क्षेत्र में कानूनी जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अभियान के माध्यम से लोगों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि कानून से जुड़ी जानकारी न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बना सकती है, बल्कि समाज के लिए भी लाभकारी हो सकती है। इस आयोजन ने ग्रामीणों के बीच कानूनी अधिकारों और उनके संरक्षण के प्रति एक नई जागरूकता का संचार किया।

### जालसाजी कांड के एक अभियुक्त गिरफ्तार, जलई ओपी पुलिस की कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

महिषी सहरसा संवादाता। जिले के महिषी थाना क्षेत्र में संचालित जलई ओपी अध्यक्ष के नेतृत्व में शनिवार को की गई छापामारी में जालसाजी कांड के दर्ज मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था। जलई ओपी अध्यक्ष ममता कुमारी ने बताया कि महिषी (जलई) ओपी थाना कांड संख्या 77/24 जो बीते 28 मार्च को दर्ज की गई थी। जिसमें जालसाजी को धारा को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके प्राथमिकी अभियुक्त ओपी क्षेत्र के तेलवा गांव निवासी स्व पलट चौपाल के पुत्र पृथ्वी चौपाल की गिरफ्तारी की गई थी। जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था।

### 15 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवादाता। जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलवाहाट थाना अध्यक्ष को मिली गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में 15 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया था। बलवाहाट थाना अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर उनके नेतृत्व में की गई छापामारी में थाना क्षेत्र के सिंगरौली गांव, वार्ड नंबर – 9 निवासी राम अवतार चौधरी के पुत्र अनिल चौधरी को 10 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था।

# मधेपुराः महाकाव्यों का दर्शन विषयक संवाद आयोजित, श्रीराम को भारत के सांस्कृतिक उत्कर्ष का सबसे बड़ा नायक बताया गया

लोक तंत्र की आवाज



**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में शनिवार को महाकाव्यों का दर्शन विषय पर एक महत्वपूर्ण संवाद का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (आईसीपीआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित था। इस संवाद कार्यक्रम में भारत के प्रमुख दर्शनशास्त्रियों, विद्वानों और शिक्षाविदों ने महाकाव्यों की ऐतिहासिक और दार्शनिक महत्वता पर विस्तृत विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अम्बिका दत्त शर्मा (पूर्व अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर) ने की।

**श्रीराम का सांस्कृतिक महत्वः** मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. अम्बिका दत्त शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीराम भारत की ऐतिहासिक गौरव और सांस्कृतिक उत्कर्ष के सबसे बड़े नायक हैं। उन्होंने कहा, ₹बाल्मिकी द्वारा रामायण में राम के माध्यम से जिस भारत की संकल्पना की गई है, वह हमारे इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय रहा है। यही संकल्पना महात्मा गांधी के विचारों में रामराज्य के रूप में परिलक्षित हुई, जो आज भी एक आदर्श है।₹ प्रो. शर्मा ने यह भी बताया कि श्रीराम के आदर्श और उनके कार्यों से हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आचरण, नैतिकता और मर्यादा का पालन करना चाहिए, ताकि हम एक आदर्श और सभ्य समाज का निर्माण कर सकें।

**महाकाव्यों का समाज पर प्रभावः** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. शोभा निगम (सेवानिवृत्त अध्यक्षा, दर्शनशास्त्र विभाग, छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर) ने महाकाव्यों के महत्व को बताते हुए कहा कि रामायण और महाभारत भारतीय परंपरा के दो महान स्तंभ हैं। इन महाकाव्यों ने न केवल भारतीय समाज को नैतिक दिशा दी है, बल्कि विश्वभर में सत्य, धर्म, और नैतिक समृद्धि की स्थापना में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**जीवन जीने का तरीका सिखाते हैं महाकाव्य :** कार्यक्रम में प्रो. जटाशंकर (पूर्व अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ने महाकाव्यों के जीवनदर्शन पर अपने विचार रखते हुए कहा, ₹हमारे महाकाव्य न केवल हमें सत्य और धर्म का पालन करने की शिक्षा देते हैं, बल्कि यह हमें जीवन जीने का तरीका भी सिखाते हैं। रामायण सत्य की प्रतिष्ठा करती है, जबकि महाभारत धर्म के सिद्धांतों को स्थापित करता है।₹ उन्होंने बताया कि श्रीराम और श्रीकृष्ण, हालांकि अलग–अलग युगों के नायक हैं, लेकिन उनके आदर्श एक जैसे हैं और दोनों ने ही मानवता के कल्याण के लिए कार्य किया।

**महाकाव्य और दुनियां का कल्याणः** कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रो. रमेशचंद्र सिन्हा (पूर्व अध्यक्ष, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्) ने महाकाव्यों में न केवल मनुष्यों के, बल्कि सम्पूर्ण चराचर जगत के कल्याण की कामना की बात की। उन्होंने कहा, ₹आज जब दुनिया युद्धों और हिंसा से घिरी हुई है, तब महाकाव्यों के कल्याणकारी विचारों की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। ये विचार हमें न केवल व्यक्तिगत जीवन में, बल्कि समाज और दुनिया में शांति और सद्भाव स्थापित करने का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत शशिप्रभा जायसवाल द्वारा गाए गए भजन ₹राम आएंगे...से हुई, जिसने एक आध्यात्मिक और श्रद्धापूर्ण माहौल का निर्माण किया। यह भजन कार्यक्रम की भावनात्मक शुरुआत के रूप में कार्य किया और उपस्थित सभी को एकजुट किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण प्रो. कैलाश प्रसाद यादव (प्रधानाचार्य, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय) ने दिया, और संचालन का कार्य डॉ. सुधांशु शेखर (विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय) ने किया।

## सात निश्चय योजना को लेकर अपर समाहर्ता ने की बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता** ।जिलाधिकारी वैभव चौधरी से प्राप्त निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता संजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विकसित बिहार के सात निश्चय योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा क्रियान्वित नल जल योजना की वर्तमान स्थिति समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई की योजना लगभग 1740 वार्डों में पूर्ण है।

नल जल योजना के निर्बाध संचालन एवं योजना विषयक प्राप्त शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु निर्देशित किया गया है। लघु जल संसाधन अंतर्गत मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना अंतर्गत 108 आवेदन प्राप्त होने के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई। उनके द्वारा अवगत कराया गया की आवेदनों के निष्पादन हेतु आवश्यक कारवाई की जा रही है। कार्यपालक अभियंता, लघु जल संसाधन को आगामी बैठक से पूर्व हर खेत सिंचाई का पानी संबंधित प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान समीक्षा क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की वर्तमान में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के संदर्भ में निर्धारित लक्ष्य तीन के विरुद्ध दो इकाई में कार्य प्रगति पर है। ᑭ विकसित बिहार के सात निश्चय अंतर्गत क्रियान्वित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना की वर्तमान प्रगति समीक्षा क्रम में आवेदन प्राप्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए इस निमित प्रत्येक प्रखंड में सुस्पष्ट कार्ययोजना के अनुसार तिथिवार शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी योजना से लाभान्वित हो सके। कुशल युवा कार्यक्रम समीक्षा क्रम में उन केंद्रों के विरुद्ध यथोचित कारवाई का निर्देश दिया गया है जिनके द्वारा विद्यार्थी नामांकन में रुचि नहीं ली जा रही है या ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। बैठक में डीपीएमयू लीड शिरीष कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क आलोक कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सिमरी बख्तियारपुर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ की तैयारी जोरों पर, आगामी 1 से 9 जनवरी तक कथा

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**

**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा।** सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ की तैयारी काफी जोरों पर चल रही है। इसमें आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए हाई स्कूल मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं यज्ञ को लेकर प्रचार प्रसार भी कराया जा रहा है। जिससे आयोजित श्री राम कथा में भक्तों की भीड़ रहने की उम्मीद है।

यज्ञ को लेकर जगह–जगह तोरणद्वार बनाया जा रहा है । बिपिन कुमार व अन्य ने बताया कि आगामी 1 से 9 जनवरी तक हाई स्कूल मैदान में श्री राम कथा का भव्य आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से कराया जा रहा है। यज्ञ के मोके पर वृंदावन से कथा वाचक श्री बैजू शास्त्री जी महाराज पधार रहे हैं। जिसको लेकर श्री राम कथा यज्ञ कमिटी के द्वारा तैयारी की जा रही है। 1 जनवरी को सुबह नौ बजे 151 कुवांरी कन्याओं के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाल कर नगर परिषद क्षेत्र का भ्रमण कर यज्ञ स्थल पर पहुंचेगें। यज्ञ कमिटी के द्वारा उद्घाटन समारोह हेतु खगड़िया सांसद राजेश वर्मा के मां संतोष देवी वर्मा, पिता हरिओम नारायण वर्मा एवं डॉ. प्रमोद कुमार एवं नमीता कुमारी को आमंत्रित किया गया है। यज्ञ को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से विपिन कुमार यादव, विजेन्द्र कुमार भगत, रतन कुमार भगत, गोपाल साह, नंदकिशोर पोद्दार, पंचानन सोनी, गिरधर सोनी, अमित भगत, रंजन गुप्ता, प्रेम भगत, शंकर भगत, ननकी भगत, सुक्खन साह, दीपक दास, राजकुमार पोद्दार सहित अन्य लोगों का अहम योगदान है।

## राज्यस्तरीय नृत्य प्रतियोगिता में डांस एकेडमी के स्कूली बच्चों ने लहराया अपना परचम

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** शहर के पुरानी जेल कॉलोनी स्थित स्ट्रीट डांस एकेडमी द्वारा बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है। जिसमे प्रशिक्षक नवीन सिंह राजपुत के द्वारा कठिन परिश्रम से बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे है। जिसके कारण बच्चे जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर जिलें को गौरवान्वित कर रहे है। वही जमुई में आयोजित बिहार स्टेट डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप, जो बिहार डांस स्पोर्ट्स यूनिट एवं परफॉर्मिंग आर्ट भारत के द्वारा करवाया जाता है।

बिहार के हर एक जिले के बच्चे ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। पूरे बिहार से लगभग 300 बच्चे ने हिस्सा लिया जिसने सहरसा से 31 बच्चे ने हिस्सा लिया। जिसमें सहरसा के बच्चे ने अलग अलग वर्ग में पूरे बिहार को शिकस्त दे के 18 मेडल प्राप्त किया जिसमें से 3 गोल्ड मेडल 7 सिल्वर 8 ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। प्रथम गोल्ड मेडल समूह नृत्य झिझिया गर्ल्स को मिला। दूसरा गोल्ड प्रांशी मांधाना और तिसरा गोल्ड पदक कन्हैया केशरी को मिला। जबकि सिल्वर मेडल पर कब्जा करने वाले बच्चे अक्षय, पुष्कर, पवित्रा, आदित्य, स्नेहल, कृति काव्या, प्रिंस एवं ब्रॉन्ज मेडल हासिल करने वाले बच्चे धृति रॉय, आद्या, कनिष्क, वैष्णवी अग्रवाल, वैष्णवी कश्यप, प्रज्ञा, रिया दास, दीपक शामिल रहे। सहरसा के सिटी इंचार्ज सह बिहार डांस स्पोर्ट्स यूनिट के टेक्निकल इंचार्ज नवीन सिंह राजपुत के नेतृत्व में बच्चों ने पूरे बिहार के अपने सहरसा का पहचान किया

## रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेलाः 855 युवक-युवतियों ने कराया निबंधन

लोक तंत्र कीआवाज





● जीविका पलासी द्वारा रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल

**पलासी।** जीविका पलासी द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत आयोजित रोजगार–सह–मार्गदर्शन मेला में 855 से अधिक युवक–युवतियों ने अपना निबंधन कराया। यह आयोजन पलासी स्थित प्लस टू राजकीय कृत लाल बहादुर शास्त्री स्मारक उच्च विद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुआ। प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, पलासी की ओर से इस मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करना था।

इस रोजगार मेला का विधिवत उद्घाटन जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक नवीन कुमार, संचार प्रबंधक–सह–प्रभारी प्रबंधक रोजगार नारायण कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक शब्बीर अनवर, और अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रबंधक वित्त शशांक सुमन, प्रबंधक अधिप्राप्ति धर्मवीर कुमार, प्रबंधक स्वास्थ्य–पोषण शैलेन्द्र कुमार, और प्रशिक्षण अधिकारी प्रमोद दत्ता सहित सीएलएफ लीडर्स भी मौजूद थे।

**14 कंपनियों ने किया मेले में भागीदारी :** मेले में 14 प्रमुख कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। इनमें से कई कंपनियों ने युवाओं को उनके कौशल के आधार पर अवसर देने की बात की। इस मौके पर आए युवाओं ने मेले का पूरा लाभ उठाया, और कुल 855 युवाओं ने निबंधन कराया, जिनमें से 107 ने स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया और 52 ने डीडीयू–जीकेवाई के तहत प्रशिक्षण हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

**जीविका के दिशा–निर्देश और प्रेरणादायक संदेश :** जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक नवीन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह रोजगार मेला युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार से जुड़ने का एक बेहतरीन अवसर है। उन्होंने युवाओं से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। वहीं, नारायण कुमार ने इस रोजगार मेले में भाग ले रही कंपनियों के बारे में जानकारी दी और युवाओं से आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण का लाभ उठाने की सलाह दी।

प्रखंड परियोजना प्रबंधक शब्बीर अनवर ने मेले में भाग लेने वाले कंपनियों, विशेष अतिथियों, और सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस तरह के आयोजनों की निरंतरता पर जोर देते हुए बताया कि इससे युवाओं को बेहतर दिशा मिलती है और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होते हैं।

इस मेले के आयोजन में जीविका के विभिन्न विभागों ने सक्रिय योगदान दिया। क्षेत्रीय समन्वयक नंदन चौधरी, सामुदायिक समन्वयक संदीप, राजेश, अंसार, शैलेन्द्र, प्रिया रानी, और लेखापाल मुकेश वर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, सीएलएफ लीडर्स और कैडर्स ने भी मेले को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

रोजगार–सह–मार्गदर्शन मेला युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के साथ–साथ उन्हें सही मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। यह आयोजन जीविका पलासी की ओर से उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं के भविष्य को संवारने में सहायक साबित हो रहा है।

## पूर्व आईपीएस अधिकारी और बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक की लहर

लोक तंत्र कीआवाज



**मधेपुरा।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। आचार्य किशोर कुणाल का निधन बिहार राज्य और देश के लिए एक बड़ी क्षति है, जिनकी सेवाओं और योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा।

बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, ₹आचार्य किशोर कुणाल महामानव थे। उन्होंने महावीर कैंसर संस्थान और अस्पताल को आधुनिक रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे गरीबों और जरूरतमंदों के लिए हमेशा समर्पित रहे। हनुमान मंदिर न्यास परिषद को उन्होंने जिस तरह से मजबूत किया, वह उनकी समाज सेवा के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। उनके द्वारा चलाए गए विभिन्न अस्पताल और मानव कल्याण की योजनाएं बिहार राज्य के लिए अमूल्य धरोहर हैं। उनके निधन से राज्य सरकार और जनता को अपूरणीय क्षति हुई है।₹

इसके अलावा, कई अन्य नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक व्यक्त किया। विधान परिषद सदस्य डॉ. संजीव कुमार सिंह और डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि उनके योगदान ने बिहार के मठ–मंदिरों के पुनर्निर्माण से लेकर मानव कल्याण की योजनाओं को एक नई दिशा दी।

पूर्व मंत्री डॉ. रेणु कुशवाहा और पूर्व मंत्री डॉ. रविंद्र चरण यादव ने भी उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि आचार्य किशोर कुणाल के कार्यों ने समाज में एक नई चेतना और सेवा भाव को जन्म दिया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केसर कुमार सिंह और डॉ. पूजा भारती ने कहा कि उनके निधन से एक युग का समापन हुआ है। उनके योगदान को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है, क्योंकि उनका कार्य क्षेत्र समाज के हर हिस्से तक फैला था। इसके अतिरिक्त, कई अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इनमें प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, विजय कुमार सिंह, डॉ. बिक्रम, डॉ. एसके संत, डॉ. एके मिश्रा, डॉ. मिथिलेश कुमार, विष्णु देव सिंह, डॉ. संदीप कुमार सोनू, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. आशीष कुमार मुन्ना, देवेश कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, ठाकुर माधव सिंह, चितरंजन कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह, हाजी अब्दुस सत्तार, गृजेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ रतन बाबू, अखिलेश कुमार सिंह उर्फ नुनू बाबू, पूर्व मुखिया रजनीश कुमार बबलू, सुनिल कुमार सिंह, डॉ. गोतम प्रकाश, डॉ. इन्द्र भुषण कुमार, हेमंत कुमार, अमृत कुमार, आदित्य नारायण यादव, अनुरंजन झा, चितरंजन कुमार सिंह, प्रकाश मिश्र, अमिताभ कुमार सिंह, और प्रभात कुमार सिंह उर्फ गुड्डू बाबू के शोक संदेश शामिल हैं। सभी ने आचार्य किशोर कुणाल के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

आचार्य किशोर कुणाल के निधन से बिहार में उनके द्वारा किए गए कार्यों की एक स्थायी छाप छोड़ दी है, जिसे आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी।

## कककककककककककककककककककक कककककककककककककककककक

जिला कांग्रेस कार्यालय मे डा मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता।जिला कांग्रेस कार्यालय, सहरसा में पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि शोक सभा आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वरीय नेता डॉ तारानंद सादा ने उनके निधन पर दुःख प्रकट करते हुये कहा कि भारत ने दूरदर्शी नेता खो दिया है। जिन्होंने भारत को सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, आम नागरिकों के पहचान और सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए आधार कार्ड, 2008में किसानों का एक मुश्त 60 हजार करोड़ ऋण माफ़ी, अमेरिका के साथ निकुलियर समझौता और मनरेगा के तहद कम कम सौ दिन की रोजगार गारंटी योजनाओं का लाभ दिया। साथ हीं वर्ष 1990 में देश की आर्थिक से जूझ रहे अर्थ व्यवस्था को सुधारते हुए टी डी पी को उच्चतम सत्तर तक पहुंचाया और महंगाई पर लगाम लगाया। मनमोहन साहब ईमानदारी, सादगी, समर्पण, सेवा और सरलता के मिशाल थे। मनमोहन सिंह के निधन देश की राजनीति और आर्थिक इतिहास में एक युग का अंत हो गया है जो लम्बे समय तक महसूस की जायेगी। यह दुखद बात है मनमोहन जी के दाह संस्कार में भी भाजपा सरकार ने राजनीति करने से भी पीछे नहीं रहा। उनकी दिगंवत आत्मा को परम पिता परमेश्वर शांति प्रदान करें। ऐसे महान हस्ती को शत शत नमन करता हूं। जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने कहा कि मनमोहन बाबू कांग्रेस के हीं नहीं सभी दलों के राजनेताओं के दिल में बसते थे। वित्त मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक के सफर में उन्होंने भारत को हर क्षेत्र में प्रगति कराया और विश्व में भारत को लोहा मनवाया। भारत के महान सपूत थे जो अपने लिए नहीं भारत के लोगों लिए थे। प्रधानमंत्री रहते हुए उनको मात्र मारुति 800 की छोटी थी और अपनी परिजनों को सरकारी गाड़ी में कभी नहीं बैठाया। ऐसे साधारण व्यक्ति हमलोगों के प्रेरणा श्रोत हैं। श्रद्धांजलि सभा में – प्रदेश प्रतिनिधि मो नईमउद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष और मिडिया प्रभारी –कुमार हीरा प्रभाकर, मनोज कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, बद्री प्रसाद यादव, इंटक अध्यक्ष सत्य नारायण चौपाल, उत्तर बिहार मूसहर समाज के अध्यक्ष प्रेमलाल सादा, पंकज कुमार सिंह, बीरेंद्र पासवान, राम कुमार पासवान,

## अररिया में सांसद प्रदीप कुमार सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

लोक तंत्र की आवाज



**डा.रूद्र किंकर वर्मा**

**अररिया।** भारतीय जनता पार्टी अररिया जिला कार्यालय में अररिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रदीप कुमार सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता भा.ज.पा. अररिया जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने की। समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं और सांसद के समर्थकों ने एकत्र होकर सांसद प्रदीप कुमार सिंह के चित्र के सामने केक काटा और तिलक कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उन्होंने भारत माता की जय के नारों के साथ सांसद जी के उज्जवल भविष्य और दीर्घायु होने की कामना की।

इस समारोह में कई प्रमुख भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें निवर्तमान जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा, जिला महामंत्री प्रताप नारायण मंडल, पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद्र झा, भा.ज.पा. नेता नाग यादव, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश राज, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष किरण कुमारी, नगर प्रकोष्ठ के सहसंयोजक और वार्ड पार्षद मिट्ठू सोनी, महिला मोर्चा की जिला प्रवक्ता कनकलता झा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रीना जैन, शिबू दास, पूर्व पार्षद कालियागंज मंडल के महामंत्री सुजीत झा, और युवा मोर्चा के सत्यम राय जैसे नेता शामिल थे। इनके अलावा, बड़ी संख्या में सांसद प्रदीप कुमार सिंह के शुभचिंतक और भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

**दिल्ली में भी सांसद का जन्मदिन मनाया गया :** सांसद प्रदीप कुमार सिंह के जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली स्थित उनके आवास पर उनके करीबी मित्र पंडित अजय कुमार झा, जो पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक हैं, ने भी उन्हें गुलाब का फूल भेंटकर शुभकामनाएं दीं। पंडित अजय कुमार झा ने सांसद को उनके विशेष दिन पर बधाई देते हुए उनका स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

**सांसद प्रदीप कुमार सिंह की प्रतिक्रिया :** अपने जन्मदिन पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अपार स्नेह और शुभकामनाओं के लिए सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, ₹मेरे जन्मदिन पर मुझे जो स्नेह और आशीर्वाद मिला है, वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आप सभी के आशीर्वाद से मुझे अपने कार्यों को और बेहतर ढंग से करने की प्रेरणा मिलती है। मैं सभी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं और उम्मीद करता हूं कि आप सभी का विश्वास मुझे इसी तरह मिलता रहेगा, ताकि मैं अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन कर सकूं।₹

समाजसेवा गतिविधियाँ और आयोजनों का सिलसिला

सांसद के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन भी किया गया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कम्बल वितरण, फल वितरण, वस्त्र दान, वृक्षारोपण, पूजा–अर्चना, और हवन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया। इसके अलावा, सांसद प्रदीप कुमार सिंह के जन्मदिन पर कई स्थानों पर केक काटने का आयोजन भी किया गया, जिससे यह दिन जनकल्याण और समाजसेवा का प्रतीक बन गया। सांसद प्रदीप कुमार सिंह का जन्मदिन न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक खुशी का अवसर था, बल्कि यह उनके द्वारा किए गए समाजसेवी कार्यों को और बढ़ावा देने का एक जरिया भी बना। इस दिन ने सांसद प्रदीप कुमार सिंह के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत किया, जो उनके सक्रिय नेतृत्व और समर्पण को दर्शाता है।

# संक्षिप्त खबरें ।

## कुन्दा में आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया



लोकतंत्र की आवाज
कुन्दा( चतरा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के मार्गदर्शन में नवादा पंचायत में आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं को बाल विवाह, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, सरकारी सहायता और विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई ।अधिकार मित्र किरण कुमारी ने महिलाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं, दिव्यांग जनों को मिलने वाली विधिक सेवाएं और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

## पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं की कराई जा रही गणना



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। साहिबगंज जिले एवं इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन विभाग के द्वारा पशुओं की गणना कराई जा रही है इसको लेकर पशुपालन विभाग के कर्मी घर–घर जाकर पशुओं की गणना का कार्य कर आवश्यक जानकारी ले रहे हैं ।साहिबगंज जिला के पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरिशंकर झा ने बताया कि साहिबगंज जिले में पशुओं की गणना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है इसको लेकर प्रत्येक प्रखंड में एक–एक सुपरवाइजर को लगाया गया है साथ ही पूरे जिले में 120 प्रगणक को इस कार्य के लिए लगाए गए हैं ।पशु गणना का कार्य पूरी तरह से डिजिटल रूप से किया जा रहा है इसके लिए ऐप के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है ।विभाग के कर्मी के द्वारा घर–घर जाकर गाय ,बैल ,भैंस ,बकरा ,बकरी, मुर्गा ,मुर्गी , सूअर सहित अन्य तरह के पशुओं की गणना कर रहे है ।मिर्जाचौकी के महादेववरन पंचायत क्षेत्र में पशु गणना कर रहे कर्मी भागवत रजक ने बताया कि गणना के दौरान किसान से पशुओं की संख्या उनकी उम्र के अलावा कितनी दूध कर रही है साथ ही किस नस्ल की मवेशी है इन सारी बातों की जानकारी इकट्ठा की जा रही है ।

## सनटी पाला में आग लगने से मची अफरातफरी



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत अंतर्गत मिस्त्री टोला में रविवार को अचानक सनटी पाला में आग लग गई। जानकारी के अनुसार मिस्त्री टोला निवासी रंजीत मंडल के छत के ऊपर सनटी पाला में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। आगलगी की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि आग कैसी लगी है,इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। आगलगी की घटना में हजारों का जलावन जलकर राख हो गया।

## 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए जिले से 04 खिलाड़ी जमशेदपुर रवाना





लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहेबगंज झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ एवं पूर्वी सिंहभूम एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 31 दिसंबर को जमशेदपुर में होने वाली 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए साहेबगंज जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में जिले से 04 एथलीट जमशेदपुर रवाना हुए। पुरुष वर्ग – सुजीत सरकार ( 10 किलो मीटर), अंडर 18 वर्ष – अमित कुमार,अनिल मुंडा (6 किलो मीटर), अंडर 16 वर्ष–पिंटू कुम्हार, मिथुन कुमार पंडित (02 किलो मीटर) । सभी खिलाड़ियों को ,जिला खेल पदाधिकारी श्री पंकज कुमार झा,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव माधवचंद्र घोष, उपाध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव, अधिवक्ता ओम तत्सत कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू , खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल, निमाई चौधरी,गौरव झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी।

## गेंजना : निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ : सैकड़ो लोगो ने चिकित्सक से ली स्वास्थ्य सलाह



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी,प्रभारी झारखंड
हंटरगंज( चतरा)। हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के गेंजना पंचायत के हथिया पत्थर मे अनुभवी एवं कुशल एम बी बी एस चिकित्सक आदर्श कुमार और कुशल दंत चिकित्सक श्रुति राज के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमे सैकड़ो की सख्या मे ग्रामीणों ने इलाज़ करवाया। शिविर मे मरीज़ो की उच्च रक्त चाप,मधुमेह,हृदय रोग ,जैसे खतरनाक बीमारी का इलाज़ किया गया साथ ही मरीज़ो को मुफ्त दवाइया दी गयी। बताते चले की डॉक्टर आदर्श कुमार और श्रुति राज के द्वारा सप्ताह मे दो दिन बुधवार और रविवार को मरीज़ो को सेवा देने का कार्य कर रहे है। शिविर मे आये मरीजों से बात करने पर उन्होंने बताया की डॉक्टर साहब के द्वारा बहुत ही निम्न खर्चे मे मरीजो का संतोषजनक इलाज़ किया जाता है जो एक सराहनीय पहल है। इस शिविर में पवन माथुर, डॉ मनोज मिश्रा, संजय कुमार यादव प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी, गेंजना पंचायत मुखिया चिंता देवी, पिंटू यादव,डा० शिवराज सिंह आदि शामिल हुए।

# विस्थापितों संग सीओ नित्यानंद दास ने किया बैठक

**बिष्णुगढ़ सिओ ने विस्थापितों की समस्याओं से का समाधान का भरोसा दिया**

**लोकतंत्र की आवाज**



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित कोनार डैम के विस्थापित रैयत डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ अपनी मूलभूत सुविधाओं के साथ मालिकाना हक के लिए आंदोलनरत रहे हैं। अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कोनार डैम के निर्माण के समय अधिगृहित भूमि के दाखिल खारिज हेतू तत्परता के साथ सभी विस्थापितों की स्थिति को जानने और मालिकाना हक मिले इसके लिए गांव गांव जा कर उनकी समस्या से अवगत होते हुए, हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। श्री दास ने कहा कि विस्थापितों को न्याय दिलाना हम सबकी जिम्मेदारी है, नावाटांड़ के साथ कोनार डैम अन्य विस्थापितों का भी दाखिल खारिज हेतू प्रयास किए जा रहे हैं, जल्द ही दाखिल खारिज संबंधी कार्य शुरू किए जाएंगे।

विस्थापित सह बनासो पंचायत के युवा मुखिया चंद्रशेखर ने कहा कि डीवीसी अवैध तरीके विस्थापितों का जमीन लिया है पुनर्वास के नाम पर सिर्फ एक भूमि के टुकड़ा दे दिया, पुनर्वास के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से महरूम हैं आज भी विस्थापित।

विस्थापित युवा सह झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने विधानसभा चुनाव समाप्ति के बाद से ही अंचलाधिकारी नित्यानंद दास से ग्रामसभा कर विस्थापितों की समस्या जानने का अनुरोध किया था साथ ही डीवीसी द्वारा विस्थापित रैयतों के शोषण की गाथा बताई ।

विस्थापित सुरेश राम ने कहा कि नावाटांड़ के विस्थापित डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ मालिकाना हक, फॉर्म 12 समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर वर्षों से आंदोलनरत रहे हैं पर प्रबंधन सिर्फ आश्वाशन देती है। नव निर्वाचित सांसद महोदय से भी इस मामले पर मदद की अपील किया है।

जीतन महतो ने कहा कि अंचलाधिकारी नित्यानंद दास जी की बहुत अच्छी पहल है कि इन्होंने हम विस्थापितों की समस्या को जानने और हमें न्याय दिलाने के लिए हमारे गांव आए हम विस्थापितों की बातों को गंभीरता से लेकर कार्य कर रहे हैं।

सत्तर साल से कोई हमें पूछने तक नहीं आया।हम विस्थापित आंदोलन करते और आश्वाशन मिलता और इस पर कोई कार्य नहीं होता, धन्यवाद के पात्र हैं अंचलाधिकारी महोदय।

जीतन महतो ने कहा कि अंचलाधिकारी के गांव आने से हम विस्थापितों में न्याय की एक उम्मीद जागी है, हम नावाटांड़ के रैयत आज भूमिहीन हैं पीएम किसान समेत कई सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, बनासो पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार महतो, जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, भारतीय मजदूर संघभवन निर्माण के जिलाध्यक्ष सुरेश राम, कर्मचारी मुकेश यादव, सहायक शिक्षक तिलेश्वर महतो, धर्मनाथ महतो, गुलाब महतो, जीतन महतो, बहादुर राज, चितरंजन महतो, खुलेश्वर प्रसाद, लीलो महतो, विनोद कुमार, सोमर राम, चेतन महतो, रामकिशून महतो, मनोज कुमार, राजकिशोर महतो, गंगाधर महतो, विशेश्वर महतो, राजेश कुमार, अशोक कुमार, समेत समस्त विस्थापित ग्रामीण अन्य मौजूद रहे।

# अधिकारी अपने कार्यों के प्रति हमेशा रहें सजग, बच्चों के प्रति रहें संवेदनशील

**लोकतंत्र की आवाज**

**झारखण्ड।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार के सदस्यगण रूचि कुजूर, विकास दोदराजका और मिनहाजुल हक ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके संरक्षण हेतु गुमला जिला का निरिक्षण, भ्रमण और संबंधित विभाग के साथ बैठक किया।

आयोग के सदस्यगणों के गुमला जिला में पहुंचते ही सर्वप्रथम परिसद के सभागार में उच्च स्तरीय बैठक किया जिसमे उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, पुलिस उपअधीक्षक सुरेश प्र यादव,श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज,स्वास्थ्य बिभाग के डॉ नागभूषण प्रसाद,अमर कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति कृपा खेस, सदस्य फूलमानी एक्का, जया कुमारी, नेमानती तिग्गा, धनंजय मिश्रा,जे एस एल पी एस जिला कार्यक्रम पदा.शैलेन्द्र जरीका, जे जे बी सदस्य तगरेन पन्ना तिर्की, सुषमा देवी,जिला बाल संरक्षण इकाई के मनीर भुट्टो, रवि प्रकाश,शम्भू सिंह इत्यादि ने भाग लिया।बैठक में बच्चों से सम्बंधित बिभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा हुई उपस्थित पदाधिकारी को क्रमवार समीक्षा किया गया, पुलिस उपअधीक्षक ने बच्चों के यौन उत्पीड़न मामलों का व्योरा प्रस्तुत किया, आयोग ने अविलम्ब अविलंब

> ● बालिकाओं से सम्बंधित मामलो में तुरंत ले संज्ञान, राज्य सरकार के सभी योजनाएं सुदूर गाँव तक पहुँचे आयोग ने दिया निर्देश

लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। कहा की बच्चों के यौन शोषण से संबंधित मामलों में त्वरित संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्यवाही करनी है, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी और जिला बाल कल्याण समिति से समन्वय स्थापित कर बालिकाओं का बरामदगी करें।

जे एस एल पी एस से समन्वयन कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद को मदद करें। आयोग ने निर्देश दिया कि निजी विद्यालय के सभी गैर शिक्षण कर्मियों का चरित्र सत्यपित किया जाय। जिला में पोक्सो क़ानून का प्रचार प्रसार किया जाय, प्रखंड विकास पदाधिकारी आंगनबाड़ी केंद्र, सेविका सहायिका, सहिया दीदी को सरकार के योजनाओ का प्रशिक्षण दिया जाय। बैठक के बाद आयोग के सदस्य ने बैठक के तुरंत बाद सदर अस्पताल का निरिक्षण किया विशेष कर चिल्ड्रेन वार्ड का और समस्याओ का तुरंत निष्पादन हेतु सिविल सर्जन को निर्देशित किया। निरिक्षण किया विशेष कर चिल्ड्रेन वार्ड का और समस्याओ का तुरंत निष्पादन हेतु सिविल सर्जन को निर्देशित किया।

# चोरी के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार



**लोक तंत्र की आवाज**

**साहेबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के गोडाबाड़ी हटिया से बीती रात चोरों के द्वारा सोलर पोल को चोरी करते हुए पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा । इस मामले को लेकर जिरवाबाडी थाना कांड संख्या 211/24 दिनांक– 29/12 /24 धारा 303(2)/ 305(ी)/ 317(2) BNS अंकित करते हुए कांड के प्राथमिक अभियुक्त मोहम्मद शाहिद हुसैन पिता मोहम्मद सोनी , दिलफराज आलम पिता– मोहम्मद कौसर अंजुमन नगर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# राज्य के बाल आयोग के माननीय सदस्य रूचि कुजूर, विकास दोदराजका और मिनहाजुल हक ने किया जिला का निरीक्षण





**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गुमला(झारखंड)।** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार के सदस्यगण रूचि कुजूर, विकास दोदराजका और मिनहाजुल हक ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके संरक्षण हेतु गुमला जिला का निरिक्षण, भ्रमण और संबंधित विभाग के साथ बैठक किया।

आयोग के सदस्यगणों के गुमला जिला में पहुंचते ही सर्वप्रथम परिसद के सभागार में उच्च स्तरीय बैठक किया जिसमे उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, पुलिस उपअधीक्षक सुरेश प्र यादव,श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज,स्वास्थ्य बिभाग के डॉ नागभूषण प्रसाद,अमर कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति कृपा खेस, सदस्य फूलमानी एक्का, जया कुमारी, नेमानती तिग्गा, धनंजय मिश्रा,जे एस एल पी एस जिला कार्यक्रम पदा.शैलेन्द्र जरीका, जे जे बी सदस्य तगरेन पन्ना तिर्की, सुषमा देवी,जिला बाल संरक्षण इकाई के मनीर भुट्टो, रवि प्रकाश,शम्भू सिंह इत्यादि ने भाग लिया।बैठक में बच्चों से सम्बंधित बिभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा हुई उपस्थित पदाधिकारी को क्रमवार समीक्षा किया गया, पुलिस उपअधीक्षक ने बच्चों के यौन उत्पीड़न मामलों का व्योरा प्रस्तुत किया, आयोग ने अविलम्ब अविलंब लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। कहा की ब च्चों के यौन शोषण से संबंधित मामलों में त्वरित संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्यवाही करनी है।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी और जिला बाल कल्याण समिति से समन्वय स्थापित कर बालिकाओं का बरामदगी करें। जे एस एल पी एस से समन्वयन कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद को मदद करें। आयोग ने निर्देश दिया कि निजी विद्यालय के सभी गैर शिक्षण कर्मियों का चरित्र सत्यपित किया जाय। जिला में पोक्सो क़ानून का प्रचार प्रसार किया जाय, प्रखंड विकास पदाधिकारी आंगनबाड़ी केंद्र, सेविका सहायिका, सहिया दीदी को सरकार के योजनाओ का प्रशिक्षण दिया जाय। बैठक के बाद आयोग के सदस्य ने बैठक के तुरंत बाद सदर अस्पताल का राज्य के बाल आयोग के माननीय सदस्य रूचि कुजूर, विकास दोदराजका और मिनहाजुल हक ने किया जिला का निरीक्षण।

# अनिता को न्याय दिलाने के लिए सडक पर उतरे लोग

**लोकतंत्र की आवाज**



> ● सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, चतरा विधायक जनार्दन पासवान हुए कैण्डल मार्च में शामिलं

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** जब रक्षक ही बन जाए तो सड़क पर उतरना ही पड़ेगा इस भावना के साथ बुढ़वा महादेव प्रांगण से एक ऐतिहासिक कैंडल मार्च और मसाल जुलूस निकाला गया। शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए झंडा चौक पहुंचकर समाप्त हुआ जहां पर अनिता कुमारी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी ने उन्हें नमन किया। यह आयोजन एसडीएम अशोक कुमार की पत्नी अनिता कुमारी को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को लेकर किया गया। इस घटना ने न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

जुलूस का नेतृत्व सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं चतरा विधायक जनार्दन पासवान कर रहे थे, बड़ी संख्या में आम नागरिक इस मार्च में शामिल हुए। सभी ने एक स्वर से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और उसे फांसी की सजा की मांग किया।

ज्ञात हो कि छबीस दिसंबर की सुबह करीब सात से आठ बजे के बीच अनिता कुमारी का हजारीबाग में जलने की घटना हुई। गंभीर हालत में उन्हें पहले शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया, फिर बोकारो और अंततः रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 27 दिसंबर की रात 3:30 बजे अनिता कुमारी ने दम तोड़ दिया। इस घटना से पूरे शहर में आक्रोश फैल गया। शनिवार को रांची में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने हजारीबाग में संबंधित थाने में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों के साथ–साथ हजारीबाग की जनता ने भी इस घटना को महिला सम्मान और न्याय से जुड़ा मामला मानते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवाज बुलंद किया और न्याय की मांग की।

# सरस्वती पूजा की तैयारी शुरू, जोर-शोर से मूर्ति निर्माण में जुटे कुम्हार

**लोकतंत्र की आवाज**



**श्री राम पाण्डेय, ब्यूरो चीफ**
**चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में रविवार से आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना को लेकर उनकी प्रतिमा का निर्माण कार्य जोर – शोर से हंटरगंज पानी टंकी के नजदीक कुम्हार लगभग एक महीना पूर्व से ही प्रतिमा निर्माण में जुट गए है।

ग्रामीण इलाकों में भी कई जगह प्रतिमा का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इनकी पूजा अर्चना सभी शैक्षणिक संस्थानों के साथ झ साथ अन्य जगहों पर भी धूमधूम से किया जाता है। ऐसी मान्यता है की इनके आराधना मात्र से ही विद्या की प्राप्ति होती है। विद्या के प्राप्ति अन्य सभी मार्गों का द्वार खोल देता है। इसे लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्सुकता देखा जा रहा है। बेहतर मूर्ति निर्माण को लेकर लोग कुम्हारों के पास पहुंच रहे है। इसे लेकर उन्हें एडवांस पैसे भी दिए जा रहे है। मूर्तिकारों को अपने अनुरूप बेहतर मूर्ति बनाने की सलाह भी दे रहे है। मूर्तिकार कुम्हार बडहीबिगहा निवासी सुखदेव प्रजापति, चंद्रदेव प्रजापति, और हंटरगंज निवासी दिलीप प्रजापति ने बताया की मूर्ति के लिए कई जगहों से ऑर्डर भी आ रहे हैं। एक हजार से लेकर पांच हजार तक की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि शैक्षणिक संस्थानों में छोटी मूर्तियां ही ज्यादा पसंद की जाती है। ग्रामीण इलाकों में युवाओं कमेटी गठित कर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करते है। इनकी पसंद बड़ी मूर्ति होती है।

# गिरिडीह: हुट्टी बाजार ( मार्केट) स्थल बना है गंदगियों के ठिकाना का स्थल



**लोकतंत्र की आवाज**
**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब यूरो– चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** हवीटी बाजार इसका वास्तविक नाम है परंतु अभी गिरिडीह वासी इसे हुट्टी बाजार के नाम से ही जानते हैं यहां कुछ विशेष दिन को छोड़कर लगभग प्रत्येक दिन सूर्योदय होते–होते हरी सब्जियों का होलसेल मार्केट लगता है। कुछ विशेष दिनों को छोड़कर। इस मार्केट स्थल के बाहर मुख्य मार्ग के दोनों तरफ प्रत्येक रविवार दोपहर से हटिया लगा करता है।

जहां शहर वासी अपनी–अपने पसंद का एक ही स्थान पर हरी सब्जी खरीद सकते हैं जगह की बिल्कुल कमी नहीं। लेकिन जितना ज्यादा जगह उससे अधिक गंदगी/ कूड़ा कचरा साथ ही साथ सुबह के समय बच्चों के मल त्याग करने का स्थान भी है। यहां सामुदायिक शौचालय बना पड़ा है देखने हेतु स्वच्छता का प्रतीक भी उसे भवन पर बना पड़ा है और लिखा स्वच्छ भारत लेकिन हमेशा बंद पड़ा रहता है तथा इसी के बगल में बड़ा सा कुआं भी बन पड़ा है जिसे यहां आसपास रहने वाले लोग कूड़ा दान के रूप में प्रयोग कर कुड़ा कचरा फेंक फेंक कर लगभग कुआं को भर चुके हैं।मिला–जुला कर यह कहा जा सकता है कि नगर निगम बाजार/ हुट्टी बाजार की स्थानीय स्थिति वास्तविक स्थिति चिंता जनक गंभीर एवं संक्रमक बीमारियों का केंद्र बन सकता है।

# गिरिडीह विधिक सहायता केंद्र का सभी पंचायत में लगातार कार्यक्रम

**लोकतंत्र की आवाज**



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो– चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड।** यहां आउटरीच कैंपेन का तात्पर्य वह स्थान जो की पहुंच से बाहर है वहां भी पहुंचकर विधिक जानकारी प्रदान करनी है जिसे नाम दिया गया आउटरीच कैंपेन, या कहें आउट रीच कैंपेन के तत्वावधान में।

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं माननीय झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन एवं सचिव श्रीमती सोनम बिश्नोई के आदेशानुसार मे आज दिनांक 29/12/2024 को 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से गिरिडीह प्रखंड एवं गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों के विधिक सहायता केंद्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों में सभी विधिक सहायता केंद्र के पंचायत में लगातार कार्यक्रम का आयोजन पीएलबी के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में जाकर लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है अधिक से अधिक हर क्षेत्र के लोग इसका लाभ उठा सकें। वैसे जरूरतमंद लोगों को निशुल्क विधिक सहायता,निशुल्क अधिवक्ता का उपलब्ध कराना, मध्यस्थ कराना,पीड़ति अनुदान योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन बरवाडीह, बनियाडीह , हेमरोडीह,करीहारी, माणिकवाद , फिटकोरिया, मोतीलेदा एवं अन्य पंचायत में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में पी एल बी दिलीप कुमार, अशोक कुमार वर्मा,कामेश्वर कुमार, शालिनी प्रिया,सुनिल कुमार, संतोष कुमार, अनिल कुमार एवं अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महाकुंभ पर रिसर्च करने जा रहा लखनऊयूनिवर्सिटी इन खास चीजों पर रहेगा फोकस, यहां पढ़ें सब कुछ...

रत्ना



लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय महाकुंभ पर रिसर्च करने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का शीर्षक 'महाकुंभ 2025 के प्रभावी आयोजन के लिए कार्यबल रणनीतिक योजना और संचालन पर अध्ययन' रखा गया है। यह अध्ययन इवेंट कार्यबल मूल्यांकन रणनीतिक कार्यबल योजना दृष्टिकोण कार्यस्थल तैनाती संचालन अनुपालन इवेंट पर्यावरण संस्कृति संचार और नेतृत्व पर केंद्रित होगा। इसकी विस्तृत विश्लेषण के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। दरअसल, महाकुंभ मेला 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 5 .5 मिलियन आबादी के साथ प्रयागराज के संगम में आयोजित किया जाएगा। 45 दिनों की इस अवधि में 500—600 मिलियन से अधिक लोगों (अनुमानित) के समूह की मेजबानी करने के लिए तैयारी की गई है। इस दौरान भारत और विदेश से लोग दिव्य आशीर्वाद लेने के लिए यमुना और गंगा नदी के पवित्र संगम पर जाएंगे। प्रबंध अध्ययन संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर संगीता साहू ने बताया कि इतनी बड़ी विविध आबादी की यात्रा का प्रबंधन करने के लिए सेवा के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता वाले स्वयंसेवकों और सेवा प्रदाताओं के बड़े कार्यबल की आवश्यकता होती है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का सन्नी उरांव ने किया शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

चक्रधरपुर( झारखंड) । प्रखंड के सेताहाका टोंकाटोला की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ विधिवत रूप से गांव के पुजारी मंगरा कोया द्वारा मैदान में पूजा— अर्चना कर किया गया . प्रतियोगिता में अतिथि के तौर पर उपस्थित दिशोम गुरु आशीर्वाद योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव विशिष्ट अतिथि उरांव सरना समिति के अध्यक्ष रंजीत तिर्की, कोलचकड़ा पंचायत के मुखिया अरविन्द तिग्गा की मौजूदगी में स्वर्गीय चितरंजन कुजूर की फोटो पर माल्यार्पण और नमन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया . प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच लोकल बॉयस ५/२ हाथिता ɪɜ के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी शूटआउट के माध्यम से लोकल बॉयज 3—2 से विजयी रही . सेताहाका टोंकाटोला फुटबॉल कमेटी के संचालन के रूप में मुन्ना मिंज, अरुण टोप्पो, अनिल उरांव, सूरज टोप्पो, अमित लकड़ा, आशीष खलखो, सूरज खलखो, संतोष खलखो एंव विशाल लकड़ा का अहम योगदान रहा .

### भाजपा कार्यकर्ता ने सुनी पीएम की मन की बात

लोकतंत्र की आवाज



दीपक कुमार, गायघाट। मुजफ्फरपुर : भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 117 वें एपिसोड को गायघाट पश्चिमी मंडल के बाघाखाल, रामनगर, दहिला पटशर्मा, बोआरिडीह, बेरुआ, लोमा, कमरथू, जारंग पश्चिम पंचायतों में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष सहित आम लोगों ने उत्साह पूर्वक सुना . विभिन् पंचायतों में मन की बात सुनने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह,गायघाट पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह,डाक्ष के .के .सिंह,अरुण कुमार पंकज ,भिखारी सिंह,विनय सिंह,हरिवंश प्रसाद सिंह,रौशन सिंह,राजीव राय,अजय कुंवर,गोपाल सिंह,कृष्ण मुरारी,कुंदन सिंह,मनोज सिंह, राजन सहनी,चंदन सिंह,सुखचन् राम सहित अन्य नेता कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन ने सुना . .!

### लखनऊमें फिर गरजा बुलडोजर, एलडीए की कार्रवाई पर लोगों ने किया विरोध; बोले— ये हमारी पुश्तैनी जमीन

सतीश

लोक तंत्र की आवाज



लखनऊःलखनऊविकास प्राधिकरण (छ्ऊअ) ने घंटाघर के पास हुसैनाबाद क्षेत्र में एक अवैध कब्जे को हटाया जिसका विरोध स्थानीय लोगों ने किया। लोगों का दावा है कि यह उनकी पुश्तैनी जमीन है। इस कार्रवाई के दौरान एक पूर्व MLC का नाम भी सामने आया है। हालांकि छ्ऊअ के अधिकारी इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। जानिए पूरा मामला ।हालांकि, एलडीए के अधिकारी ऐसी कोई जानकारी होने से इन्कार कर रहे हैं। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा का कहना है कि हम अवैध निर्माण की सूचना पर कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन हमने कागजात मांगे तो वह कुछ नहीं दिखा पाए। अगर सोमवार को कागजात दिखाएंगे तो फिर कोई निर्णय लिया जाएगा।

**एलडीए की कार्रवाई का लोगों ने जमकर किया विरोध** : एलडीए ने हुसैनाबाद में फूड कोर्ट आदि बनवाया है। वहीं पर करीब पांच हजार स्कवायर फीट जमीन पर अवैध कब्जे की सूचना थी। इसी को देखते हुए एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। टीम पहुंची तो कुछ लोगों ने वहां पर विरोध करना शुरू कर दिया। तौहीद नाम के व्यक्ति ने जमीन को पुश्तैनी बताया। कहा, पहले जमीन खाली थी।

# नवादा विधानसभा के विकास के लिए मतदाता में राजनीतिक सजगता आवश्यक : डॉ. अनुज

**लोक तंत्र की आवाज**





**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद, समाजसेवी डॉ. अनुज सिंह की अध्यक्षता में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर, नवादा के खेल मैदान में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 एवं नवादा विधानसभा के विकास में आम मतदाता की सजगता विषय पर एक दिवसीय विचारगोष्ठी सह चिंतन शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में नवादा सदर , नगर परिषद नवादा एवं नारदीगंज प्रखंड के के विभिन्न पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया ,पंचायत समिति, सरपंच ,पैक्स अध्यक्ष ,पंच, वार्ड बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी सहित हजारों की संख्या में बुजुर्गों, युवाओं एवं महिलाओं ने सक्रिय साझीदारी दिखाई।

विचार गोष्ठी प्सह चिंतन शिविर शिविर के कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनुज सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल कुमार सिंह एवं श्रवण बरनवाल के द्वारा किया गया। इस चिंतन शिविर का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में नवादा विधानसभा के विकास तभी संभव है जब यहां की मतदाता योग्य उम्मीदवार एवं कर्मठ व्यक्ति का चुनाव करेगी।इस शिविर में आए हुए सभी बुजुर्गों महिलाओं एवं युवाओं का का डॉ अनुज सिंह ने अभिनंदन किया और कहा कि आज आप सभी नवादा के विकास के लिए आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ उम्मीदवारी के विषय पर चर्चा करेंगे। इस शिविर में नवादा जिला परिषद सदस्या श्रीमती वीणा देवी ने उनकी बातों का समर्थन करते हुए कहा कि आज के इस बदलते दौर में नवादा के विकास के लिए एक शिक्षित कर्तव्यनिष्ठ योग उम्मीदवार की जरूरत है।

भरमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि और नारदीगंज प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष रामदीन चौहान ने कहा कि हम सभी चौहान समाज डॉक्टर अरुण सिंह के साथ एकजुट होकर खड़ा है। नारदीगंज प्रखंड के पूर्व प्रमुख गौरी शंकर सिंह ने कहा कि इससे पहले जो भी उम्मीदवार चुनाव जीते हैं वह केवल अपनी झोली भरने का काम किए हैं नवादा के लिए विकास की बात कभी किसी ने नहीं सोची। आदर्श होम डेवलपर्स के निदेशक राजीव सिंहा जी ने कहा कि वर्तमान समय में नवादा विधानसभा के विकास हेतु श्री अनुज बाबू को आगे आना चाहिए ताकि नवादा शहर के साथ—साथ पूरे विधानसभा का समुचित निराकरण हो सके। सिंहा जी के इस कथन को सभी बुद्धिजीवियों ने स्वीकार्य किया। औरैना पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद कुमार ने कहा कि अगर श्रीमान विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी रखते हैं तो पूरे तन मन के साथ इनका समर्थन करूंगा। ननौरा पंचायत समिति देवन ठाकुर ने कहा कि आज के इस बदलते दौर में नवादा विधानसभा के लिए अनुज बाबू के अलावा किसी के अंदर वह क्षमता नहीं है जो की निःस्वार्थ भाव से अपने क्षेत्र की सेवा कर सकें। हमें पूरा विश्वास है कि नवादा के विकास के लिए इन्हें राजनीति के क्षेत्र में आगे आना बहुत जरूरी है। खास कम को मंजूर आलम सफर खान ने भी संबोधित किया और अल्पसंख्यक समाज की तरफ से बढ़—चढ़कर साथ देने की बात कही। प्रसिद्ध समाजसेवी कृष्ण कुमार प्रभाकर ने कहा कि आज के समाज की और नवादा को अनुज सिंह जैसे लोगों की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जहां तक मैं समझता हूं यह व्यक्ति समाज के लिए जाति धर्म से ऊपर उठकर काम करेंगे मैं इनके जज्बा को जानता हूं। डॉ अनुज सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आए हुए तमाम बुद्धिजीवियों का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी बुद्धिजीवी बुजुर्गों माताओं एवं युवाओं का आशीर्वाद मिले तो अगला विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए तैयार हूं ,परंतु आपका आशीर्वाद आवश्यक है। आपको इस विषय पर अच्छी तरह चर्चा करनी चाहिए और यदि मैं सही उम्मीदवार लगूं तो आपको मेरा समर्थन करना चाहिए।मैं नवादा विधानसभा ? समुचित विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। लक्ष्मी पूजा समिति ग्रामोड़ों के अध्यक्ष संजय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि नवादा जिले को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने में आज इनका योगदान सराहनीय है और हमें पूरा विश्वास है कि अगर ये राजनीति के क्षेत्र में आते हैं तो निश्चित रूप से नवादा विधानसभा सहित बाकी क्षेत्र का भी चहुंमुखी विकास होगा। अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए सभी बुद्धिजीवियों से अपील किया कि आप सभी मिलकर आगामी चुनाव में पूरे तन मन के साथ इनका सहयोग करें एवं अपने क्षेत्र को आगे ले जाने में अपना योगदान दें। डॉ अनुज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव जीत के लिए पार्टी की जरूरत नहीं होती है,अगर आप सभी मतदाता जिनके पक्ष में अपना सहयोग करेंगे वही उम्मीदवार जीतेगा। मैं हर मतदाता को यह कहना चाहूंगा कि मेरे लिए आप सब ही मेरी पार्टी है।

इस अवसर पर महिला बरनवाल समिति के अध्यक्षा श्रीमती माधुरी बरनवाल ने समर्थन करते हुए कहा कि मैं अपने पूरे बरनवाल समाज के साथ मिलकर हमेशा इनका सहयोग करूंगा और आने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में पूरा समर्थन रहेगा। लगभग 4 घंटे तक चिंतन शिविर निरंतर चलता रहा। अंत में सभी बुद्धिजीवियों ने एक सुर से डॉ अनुज को आगामी विधानसभा चुनाव में नवादा के विकास के लिए आगे आने के लिए कहा और पूरे तन मन के साथ सहयोग करने की बात कही।

इस अवसर पर नारदीगंज प्रमुख प्रतिनिधि विजय कुमार अकेला, नारदीगंज विद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्रीकांत सिंह, हड़िया ग्राम के अधिवक्ता अरविंद कुमार, महुली पंचायत के पैक्स अध्यक्ष कृष्णमणि देवी, पटवासराय पंचायत के सरपंच देवराज पासवान, अधिवक्ता हरि कृपाल, द्वारिका प्रसाद यादव सहित कई वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी प्रखंड के पंचायत एवं वार्ड के प्रभारी विकास कुमार ,सोनु कुमार ,मनोज, रौशन कुमार,दिलीप कुमार विपिन कुमार संजय कुमार संतान की अरुण कुमार पारस कुमार अनीता देवीआदि सामाजिक कार्यकर्ता की सराहनीय भूमिका रही। अंत में सभी लोगों ने एक मत होकर डॉ अनुज सिंह के पक्ष में सहयोग देने का निर्णय लिया एवं पूरे तन मन के साथ विधानसभा चुनाव में आगे आने का डॉ अनूप सिंह से अपील किया। सभी ने कहा की आपको निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में मैदान में आना ही चाहिए।

## पीरपैंती: शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया

**लोकतन्त्र की आवाज**

- कुटुंब प्रबोधिनी, स्व का बोध पर्यावरण सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** शेरमारी बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर पंच परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक भागलपुर श्री सुरेंद्र जी ने पंच परिवर्तन पर विशेष प्रकार डाला। पांच परिवर्तन में बताया गया कि सामाजिक समरसता, जिसके अंतर्गत समाज के सभी लोगों में बड़ा छोटा के भावना नहीं होनी चाहिए। कुटुंब प्रबोधिनी, स्व का बोध पर्यावरण सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह ने पंच परिवर्तन का संकल्प लिया ।उपस्थित जन समूहों ने कहा कि इन सभी नियमों का पालन खुद करें और अपने आस—पड़ोस के लोगों को भी इसका अनुमोदन ,अनुपालन करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर सैकड़ो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी लोगों ने भोजन ग्रहण भी किया।

## अग्रवाल महिला समिति ने गरीबों के बीच बांटा कंबल

**लोकतंत्र की आवाज़**





**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**लोहरदगा(झारखंड)।** अग्रवाल महिला समिति लोहरदगा ने सेन्हा प्रखण्ड के आरहासा गांव में गरीबो के बीच गर्म कपड़े, शाल व कम्बल का वितरण किया। समिति की महिलाओं ने लगभग 100 से अधिक कंबल व शॉल का वितरण किंया। मौके पर अध्यक्ष रीता अग्रवाल,

सचिव कनक अग्रवाल आदि ने बताया कि इस ठंड के मौसम में गरीब व असहाय लोगो की मदद करने के लिए अग्रवाल महिला समिति आगे बढ़कर कार्य कर रही है। इसके तहत आज समिति के द्वारा कंबल व शॉल का वितरण किया गया है। आगे भी गांव गांव जाकर गरीबो व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। कहा कि गरीब व असहाय लोगो की मदद करना पुण्य का काम होता है। कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंदों, लाचार एवं गरीबों की सेवा करते रहना ही हमारे समाज का पहली प्राथमिकता है। समाज हर क्षेत्रों में सेवा भाव से तन— मन— धन से हर कार्य करते रहती है और हर समय करते रहेगी। इस मौके पर लक्ष्मी अग्रवाल, जया भारती, राखी अग्रवाल,खुशबु अग्रवाल, नीति भारती, कंचन अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, डाली अग्रवाल, अजय मित्तल समेत बड़ी संख्या में अग्रवाल महिला समिति की महिलाएं मौजूद थी।

## काशी विश्वनाथ के नगरी में सम्मानित हुए एनजीओ संघ बिहार के सचिव अधिवक्ता संजय कुमार बबलू

**लोकतंत्र की आबाज**



**रामजी कुमार**

**समस्तिपुर।** बाबा विश्वनाथ की नगरी में सारनाथ स्थित एक निजी होटल मैं आयोजित कार्यक्रम, आइडियल पत्रकार एसोसिएशन भारत के द्वारा समस्तीपुर जिला के चर्चित समाजसेवी अधिवक्ता संजय कुमार बबलू को प्रमाण पत्र मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में काशी विश्वविद्यालय के कुलपति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद वाचस्पति आदि ने संजय को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में पूरे देश के 200 से ज्यादा पत्रकार और समाजसेवी ने भाग लिया।

इस अवसर पर कवि सम्मेलन एवं संस्कृति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया था। उत्तर प्रदेश के बनारस की धरती पर सम्मान मिलने पर समस्तीपुर जिले के सामाजिक संगठन के पदाधिकारी अधिवक्तागण एवं बुद्धिजीवियों ने बधाई देते हुए कहा है कि इस प्रकार का सम्मान मिलना समस्तीपुर के लिए गौरव की बात है ' सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए संजय कुमार बबलू ने कहा राष्ट्रीय एकता अखंडता की रक्षा के लिए वर्तमान समय में सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को एक मंच पर आने की आवश्यकता है। यह सम्मान उन सभी शुभ चिंतकों के प्रति समर्पित है जो समाज सेवा करने वाले लोगों के मनोबल को बढ़ाते हैं।

## बीपीएससी अभ्यर्थी सोनू की आत्महत्या के लिए नीतीश सरकार जिम्मेदार : आइसा

**लोकतंत्र की आवाज़**



**जगदीशपुर/भोजपुर।** पंचायत के सिअरूवा में मोमबत्ती जलाकर बीपीएससी अभ्यर्थी सोनू कुमार दी गई श्रद्धांजलि। 30दिसंबर को होने वाले चक्का जाम के पूर्व संध्या पर जगदीशपुर पंचायत के सिअरूवा में मोमबत्ती जलाकर बीपीएससी अभ्यर्थी सोनू कुमार को श्रंद्धाजलि दी गई।

श्रंद्धाजलि सभा में उपस्थित आइसा राष्ट्रीय परिषद सदस्य शाहनवाज़ खान ने कहा सोनू कुमार एक गरीब परिवार में जन्मे जो अपने परिवार में तीन भाई बहनों में एकलौता भाई थे। उनका सपना था बीपीएससी पास कर अपने परिवार और समाज को कल्याण करने का। उनका परीक्षा भी बहुत बढ़िया गया था परन्तु पेपर लीक होने के कारण निराश हो गए थे। जब बीपीएससी विद्यार्थियों का पटना के गर्दनीबाग में जब आंदोलन शुरू हुआ तो उसमें भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए परन्तु बिहार के नीतीश – भाजपा की तानाशाह सरकार परीक्षा को रद्द करने की बजाय छात्रों पर बर्बर तरीके से लाठी चार्ज किया गया जिसमे दर्जनों विद्यार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। जब बिहार सरकार बीपीएससी प्री परीक्षा को रद्द कर पुनः परीक्षा लेने की बात नहीं आई तो सोनू कुमार ने आत्महत्या कर लिया। सोनू के आत्महत्या के मुख्य गुनाहगार नीतिश और मोदी सरकार है।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित आइसा राष्ट्रीय परिषद सदस्य शाहनवाज़ खान, आइसा नगर सचिव आनन कुमार, अध्यक्ष साहिल खान, इंद्रजित कुमार,गोड्डू रावत, छोटू सम्राट राव ,प्रिंस भाई, चंदन कुमार,पिंटू जाटव, विकाश कुमार , प्रकाश कुमार,मिथलेश कुमार,कालू कुमार, प्रकाश पाल, प्रवीन कुमार, प्रमोद कुमार ,आशीष कुमार,हरिओम कुमार, गांचन माझी , कालू कुमार,कुंदन कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# किशोर कुणाल का निधन अपूर्णीय क्षति : कुलपति

**लोकतंत्र की आवाज**

**मुरारी झा**

**दरभंगा।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य किशोर कुणाल का रविवार की सुबह असामयिक निधन हो जाने से संस्कृत जगत मर्माहत है। पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है। आचार्य कुणाल ने 31 अगस्त 2001 से 29 फरवरी 2004 तक कुलपति के रूप में संस्कृत विश्वविद्यालय में अपनी सेवा दी थी। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क पदाधिकारी निशिकान्त प्रसाद सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में प्रशासनिक व शैक्षणिक नवाचार की लंबी फेहरिस्त रही है। इसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। शास्त्र संरक्षण योजना के तहत व्याकरण एवं दर्शन के महत्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रकाशन एवं वेद मंत्रों का सीडी निर्माण उन्होंने ही शुरू कराया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, नई दिल्ली से अनुबंध कर एतदर्थ राशि की व्यवस्था कर पुरातात्विक मुख्य भवन राज विलास पैलेस के जीर्णोद्धार की व्यवस्था उन्हीं के कारण सम्भव हो पायी। इतना ही नहीं, पुस्तकालय का संवर्धन, गेस्ट फैकल्टी के अन्तर्गत पहली बार प्राच्य विषयों के साठ शिक्षकों की नियुक्ति का फैसला उन्हीं का था। महाविद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्राशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सघन निरीक्षण की शुरूआत तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की धारा टू—एफ एवं 12—बी के अन्तर्गत सोलह महाविद्यालयों का पंजीकरण, शोध अर्हता परीक्षा की शुरूआत, सत्र का नियमितीकरण एवं कम्प्यूटराईज्ड अंक

**असामयिक निधन से संस्कृत विश्वविद्यालय परिवार मर्माहत**



पत्रों की व्यवस्था उन्हीं की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम था। संस्कृत विश्वविद्यालय का फलक और बढ़े इसके लिए उन्होंने

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में सेमिनार का आयोजन कर यहां के दो महत्वपूर्ण ग्रन्थों का लोकार्पण कराया था। शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों एवं सामान्यजन के लिए पहली बार संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन एवं कार्यालय में भी संस्कृत के प्रयोग की शुरूआत आचार्य कुणाल ने ही करायी थी। स्थानीय जनों के आर्थिक सहयोग से 100 छात्रों के भोजन की निःशुल्क व्यवस्था, शिक्षा शास्त्र की पढ़ाई की शुरूआत के लिए वे काफी चिंतित रहते थे। इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वीकृति तथा राज्य सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्राप्ति एवं राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण परिषद, भुवनेश्वर को प्रस्ताव उन्होंने ने भेजा था। इसके अलावा सेवानिवृत्ति की तिथि को ही सेवांत लाभ प्रदान करने की शुरूआत उन्हीं की सोच थी।

वहीं मुख्यालय में लम्बे अन्तराल के बाद दर्जनों सेमिनार व संगोष्ठियों का आयोजन के साथ—साथ दीक्षांत समारोह का आयोजन कराने का श्रेय आचार्य कुणाल को ही जाता है। कुलपति प्रो. पांडेय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि महज एक पखवाड़ा पूर्व ही उनकी मुलाकात आचार्य कुणाल से पटना में हुई थी। संस्कृत व विश्वविद्यालय की बेहतरी समेत अन्य विषयों पर उनसे मार्गदर्शन लिया था। उन्होंने कई मुद्दे पर सहयोग का आश्वासन दिया था, लेकिन क्रूर शक्ति ने हमसे उन्हें छीन लिया। उनका असमय चला जाना हमलोगों के लिए तथा प्राच्य शिक्षा के लिए बेहद ही अपूरणीय क्षति है। वहीं आचार्य कुणाल के कार्यकाल में उपकुलसचिव तथा अध्यक्ष छात्र कल्याण के पद पर काम कर चुके धर्मशास्त्र के सेवानिवृत्त प्रध्यापक प्रो. श्रीपति त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत विश्विद्यालय को मुख्य धारा में लाने वाले प्रो. रामकरण शर्मा के बाद आचार्य कुणाल ही थे। वे हमेशा संस्कृत व संस्कृति के संवर्धन के लिए ही सोचते थे। उनका निधन पूरे सनातनी के लिए शोक व दुःख का विषय है। इसी तरह विश्वविद्यालय के डॉ. शिवलोचन झा, डॉ. ब्रजेशपति त्रिपाठी, डॉ. दिनेश झा, डॉ. पवन झा, डॉ. दिलीप कुमार झा, डॉ. दीनानाथ साह, डॉ. पुरेन्द्र बारिक, डॉ. सुनील कुमार झा, डॉ. दिनेश्वर यादव, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, डॉ. उमेश झा, डॉ. रामसेवक झा, डॉ. सुधीर कुमार झा समेत अन्य कर्मियों ने भी शोक व्यक्त किया है।

## शंभूपूरा: कलेक्टर अंकल हमे भी ठंड लगती , हमारी भी सुन लो पुकार

**लोक तंत्र की आवाज**

**ओम जैन**

**(राजस्थान)शंभूपुरा।** राज्य सरकार और शिक्षा विभाग के आदेश के बाद प्रदेशभर में सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश 25 दिसम्बर से 6 जनवरी तक कर दिया गया, लेकिन इसी बीच सरकार आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले उन मासूमो को भूल गई जो सरकारी स्कूलों में पढ़ने वालों से भी छोटे और मासूम है।

बता दे कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालय शीतकालीन अवकाश के चलते बन्द हो गए है, जिनमें बच्चो के साथ साथ स्टाफ तक कि छुट्टियां हो चुकी है, तो वही जिले की सेकड़ो आंगनवाड़ीयों में पढ़ने वाले हजारों मासूम नंन्हे मुन्ने बच्चे जिनकी उम्र मात्र 3 से 6 साल है वो ऐसे ठिठुरती सर्दी में भी केंद्र पहुँच रहे है, जिससे कही जगहों पर तो अभिभावकों ने भी रोष जताया कि क्या सरकार को ऐसे मासूम बच्चें नही दिख रहे जिनके छुट्टियां करने के बजाए आंगनवाड़ी केंद्र खुलवा रखे है।वही अब छोटे छोटे मासूम आस लगाए बैठे है कि बड़े बच्चो कि तरह हमारे भी छुट्टियां होगा, बच्चों की आस कलेक्टर अंकल हमारी भी सुन लो पुकार। चित्तौड़गढ़ जिले में पहली बार आंगनवाड़ी के बच्चो की छुट्टियां 2 जनवरी 2020 को हुई थी, जब वीरधरा न्यूज़ नेटवर्क ने बच्चो की आवाज बन प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर जिला कलेक्टर से आग्रह भी किया था, जिसके बाद जिला कलेक्टर चेतनराम देवड़ा ने भी तत्परता दिखाते हुए राहत प्रदान की थी। अब देखना यह है कि क्या जिले के इन मासूमो कि पुकार जिला कलेक्टर सुनेंगे।


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन—805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर—9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद—विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।